CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






## प. बंगाल में टीएमसी के बाद 'आप' ने पंजाब में किया अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान, कांग्रेस मुश्किल में

कोलकाता। लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में और आम आदमी पार्टी ने पंजाब में इंडिया गठबंधन से अलग होने का फैसला कर लिया है। इससे विपक्षी एकता को तो झटका लगा ही है, यह कांग्रेस के लिए बुरी खबर है। एक तरह से इंडिया गठबंधन के क्षेत्रीय दल कांग्रेस के खिलाफ खड़े हो गए हैं। इससे पहले ममता बनर्जी ने साफ कर दिया है कि सीटों के बंटवारे को लेकर उनका प्रस्ताव कांग्रेस ने नहीं माना, इसलिए पश्चिम बंगाल में टीएमसी सभी 42 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की कुल 42 सीटों में से कांग्रेस को 2 सीट का ऑफर दिया था। जाहिर तौर पर यह बात कांग्रेस को हजम नहीं हुई।

ममता बनर्जी ने कहा सीट शेयरिंग को लेकर हमने कांग्रेस के सामने प्रस्ताव रखा था। कांग्रेस ने उसे मानने से इनकार कर दिया। इसलिए हमने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर भी कांग्रेस ने हमसे संपर्क नहीं साधा। आम आदमी पार्टी की ओर से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पंजाब में आप का कांग्रेस के साथ कुछ नहीं है। पार्टी पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी।



### कांग्रेस की पहली प्रतिक्रिया

ममता बनर्जी के बयान पर जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया दी, जो अभी असम में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान असम में हैं। जयराम ने कहा, ममता बनर्जी ने वादा किया था कि भाजपा को सब मिलकर हराएंगे। उनके बिना इंडिया गठबंधन की कल्पना नहीं की जा सकती है। हमें अभी भी उम्मीद है कि कोई न कोई बीच का रास्ता निकलेगा और सभी विपक्षी दल मिलकर चुनाव लड़ेंगे। लंबे रास्ते में स्पीड ब्रेकर तो आते ही हैं। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस ने 8 से 14 सीट की मांग टीएमसी के सामने रखी थी। इस पर अब ममता बनर्जी ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### ममता बनर्जी पर अमित मालवीय का तंज

ममता के इस फैसले के बाद बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने उन पर तंज कसा है. अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा, ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने चाहती हैं, इसीलिए उन्होंने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला लिया है. ममता बनर्जी के मन में कहीं न कहीं विपक्षी गठबंधन का चेहरा बनने की चाहत तो थी लेकिन किसी ने भी उनके नाम का प्रस्ताव नहीं रखा. बार-बार उनका दिल्ली जाना भी काम नहीं आया. बंगाल चुनाव के बाद राज्य में हुई हिंसा के खून को ममता बनर्जी छिपा नहीं सकीं और खुद को तुष्टिकरण की राजनीति से बाहर नहीं बता सकीं.शर्मिंदा ममता ने अपना चेहरा बचाने के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम इंडिया गठबंधन के चेहरे के रूप में आगे कर खुद को इस प्रक्रिया से अलग कर लिया.ममता को एहसास हुआ कि उनकी घबराहट के बावजूद, विपक्षी खेमे में उनके पास खुछ भी नहीं था और वह लंबे समय से बाहर निकलने के लिए जमीन तैयार कर रही थीं.

## सपा-रालोद गठजोड़ के लिए भाजपा का खास प्लान, बुलंदशहर से चुनावी बिगुल फूंकेंगे पीएम मोदी



नोएडा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बृहस्पतिवार को गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के अंतर्गत सिकंदराबाद में होने वाली जनसभा के कई मायने हैं। अयोध्या में राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से देश में बने माहौल को वह सिकंदराबाद से और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

19 सीटों पर जीती थी बीजेपी

पश्चिमी उप्र में लोकसभा की 26 सीटें हैं। भाजपा के लिए यह महत्वपूर्ण है। गत चुनाव में भाजपा ने 19 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। सात सीटों पर सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी चुनाव जीते थे। इस बार भाजपा ने सभी सीटों पर परचम लहराने के लिए रणनीति तैयार की है। खास बात यह है कि भाजपा ने 2014 लोकसभा चुनाव का शखंनाद गाजियाबाद से किया था।

### इस बार सिकंदराबाद से बजेगा चुनावी बिगुल

2019 में लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने से पहले ग्रेटर नोएडा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा कराई गई। इस बार गौतमबुद्ध नगर से सटे बुलंदशहर के सिकंदराबाद से चुनाव का श्रीगणेश करने का निर्णय किया गया। इसका प्रमुख कारण इस क्षेत्र को उत्तर प्रदेश के विकास का चेहरा माना जाना है। केंद्र की मोदी सरकार भी विकास के एजेंडे को लेकर ही आगे बढ़ रही है। इसलिए यह क्षेत्र मतदाताओं के बीच विकास का संदेश देने के लिए अनुकूल है।

गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद मिश्रित आबादी वाले शहर हैं। यहां हर राज्य के नागरिक रहते हैं। यहां नौकरी करने के बावजूद वह अपने राज्यों की जड़ों से जुड़े रहते हैं। कुछ के वोट अपने प्रदेशों में ही बने हैं। यहां से प्रधानमंत्री की जनसभा का संदेश समूचे देश में जाएगा। हरियाणा और दिल्ली से सटे होने के कारण यहां के लोगों की रिश्तेदारियों की डोर आपस में बंधी है। सिकंद्राबाद की जनसभा का प्रभाव इन दोनों राज्यों में भी पड़ेगा। अलीगढ़, हाथरस और मथुरा तक भी इसका लाभ मिलेगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अयोध्या जाने से करें परहेज, कैबिनेट मंत्रियों को पीएम नरेंद्र मोदी की सलाह

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कैबिनेट सहयोगियों को सलाह दी है कि वे अयोध्या राम मंदिर का दौरा करने से बचें। एएनआई के मुताबिक, सरकारी सूत्रों के हवाले से उन्होंने सुझाव दिया है कि भारी भीड़ के कारण और प्रोटोकॉल वाले वीआईपी के कारण नागरिक को होने वाली असुविधा को रोकने के लिए केंद्रीय मंत्रियों को मार्च में अयोध्या जाने की योजना बनानी चाहिए।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दो दिन बाद बुधवार को पूजा करने के लिए रामपथ पर भारी भीड़ जमा हो गई। मंदिर के बाहर बड़ी संख्या में भक्तों को श्रीराम लला के दर्शन के लिए आते देखा गया। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि लोगों से अपील गई है कि वे दर्शन के लिए जल्दबाजी न करें। उन्होंने कहा कि भीड़ लगातार बढ़ रही है, लेकिन हमारी तैयारी पूरी है। हम बुजुर्गों और दिव्यांग लोगों से अपील करते हैं कि वे दो हफ्ते बाद अपनी यात्रा का कार्यक्रम बनाएं। आईजी कुमार ने कहा, दर्शन के लिए जल्दी करने की जरूरत नहीं है। इससे पहले पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने कहा कि राम मंदिर परिसर और उसके आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस और अन्य सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। रामलला की पूजा करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। हर दिन सुबह 4 बजे मंगल गीतों से रामलला को जगाया जाएगा। फिर मंगला आरती की तैयारी होगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## साय कैबिनेट की बैठक में बड़ा फैसला, राज्य में नहीं खुलेगी एक भी नई शराब दुकान, अगले बजट पर भी हुई चर्चा



रायपुर। छत्तीसगढ़ में अब नई शराब दुकान नहीं खुलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कैबिनेट की छठवीं बैठक में यह बड़ा फैसला लिया गया है। बुधवार को नवा रायपुर स्थित महानदी मंत्रालय भवन में चली चार घंटे की बैठक में छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुमोदन किया गया। इसमें यह निर्णय लिया गया कि कोई भी नई मदिरा दुकान नहीं खोली जाएगी। प्रदेश में अभी 660 देशी-विदेशी शराब दुकानें संचालित हैं। बतादें कि राज्य सरकार ने 16 वर्ष पुरानी आबकारी नीति में बदलाव किया है। सरकार के इस निर्णय को शराबबंदी की ओर अग्रसर कदम माना जा रहा है। हालांकि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में शराबबंदी का कोई वादा नहीं किया है। इसके बाद भी सरकार शराब पर अंकुश लगाने की दिशा में दिख रही है।

### बजट सत्र की तैयारियों पर भी चर्चा

षष्ठम् विधानसभा के द्वितीय सत्र यानी बजट सत्र फरवरी-मार्च 2024 के लिए राज्यपाल के अभिभाषण के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। बजट सत्र पांच फरवरी से आरंभ होकर एक मार्च तक चलेगा।

इस दौरान कुल 20 बैठकें होंगी। सत्र की शुरुआत राज्यपाल बिस्वभूषण हरिचंदन के भाषण से होगी। कुल 957 सवालों में तारांकित 505 और 452 अतारांकित सवाल लगे हैं। इस दौरान प्रदेश के तृतीय अनुपूरक अनुमान वर्ष 2023-2024 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसग? विनियोग विधेयक-2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। बजट अनुमान वर्ष 2024-25 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

### शराबबंदी के मुद्दे से सत्ता में आई थी भूपेश सरकार

प्रदेश की चुनावी सियासत में शराबबंदी बड़ा मुद्दा रहा है। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव 2018 में चुनावी घोषणा पत्र में भी शराबबंदी का वादा किया था। यह वादा करके भूपेश सरकार सत्ता में आई थी मगर शराबबंदी नहीं हुई। वहीं हर साल शराब से राजस्व का आकार बढ़ता रहा। भूपेश सरकार में पिछले वर्ष 2023 में राज्य में 15 हजार करोड़ रुपये की शराब बेची गई थी, जिससे सरकार को 6,800 करोड़ रुपये का टैक्स मिला था। यह निर्धारित लक्ष्य से 300 करोड़ रुपये अधिक था , जबकि आबकारी विभाग ने वर्ष के प्रारंभ में 5000 करोड़ राजस्व का लक्ष्य निर्धारित किया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सुकमा पहुंच कर गृह मंत्री ने नक्सलियों को दिया कड़ा संदेश, कहा- लिया जाएगा ग्रामीणों के हर दर्द का हिसाब



सुकमा। नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के प्रवास पर पहुंचे गृह मंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से नक्सलियों को संदेश देते कहा कि प्रदेश सरकार नक्सलियों से सीधी वार्ता को तैयार है, पर नक्सलियों को पहले हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटना होगा। गृह मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा भीतरी क्षेत्र के गांवों तक सड़क पहुंचाना, अस्पताल खोलकर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और स्कूल खोलकर बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराना है।

यदि नक्सली इस काम में बाधा डालने का प्रयास करते हैं और गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने से रोकते हैं तो ग्रामीणों के हर दर्द का हिसाब नक्सलियों से लिया जाएगा। गृह मंत्री ने सुरक्षा बल व पुलिस अधिकारियों से मिलकर क्षेत्र में चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों की जानकारी भी ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के पिता लक्ष्मीनारायण देव का 17 जनवरी को निधन हो गया था। बुधवार को छत्तीसगढ़ प्रभारी भाजपा ओम माथुर, गृह मंत्री विजय शर्मा, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी के साथ विधायक अजय चंद्राकर व शिवरतन शर्मा ने सुकमा स्थित उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित परिवार के अन्य सदस्यों को ढाढ़स बंधाया।

## खिचड़ी घोटाले में संजय राउत के भाई को ईडी का समन; केंद्रीय एजेंसी ने रोहित पवार को फिर से तलब किया

मुंबई। खिचड़ी घोटाला मामले में संजय राउत के छोटे भाई संदीप राउत की मुश्किलें बढ़ने वाली है। बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने कोविड महामारी के दौरान खिचड़ी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संदीप राउत को समन भेजा है। ईडी के नोटिस में उन्हें मामले से जुड़ी पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है।



### ईडी के समन में अगले सप्ताह पेश होने के आदेश

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, संजय राउत के भाई संदीप राउत को अगले सप्ताह मुंबई में ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा है। गौरतलब है कि पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। इस मामले में उद्धव गुट के सूरज चव्हाण को पिछले हफ्ते ईडी ने गिरफ्तार किया था। उन्हें यहां एक अदालत में पेश किए जाने की उम्मीद है।

### क्या है मामला

गौरतलब है कि खिचड़ी घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की एक एफआईआर से सामने आया था। पुलिस के मुताबिक कोविड महामारी के दौरान प्रवासियों को खिचड़ी उपलब्ध कराने के लिए बीएमसी द्वारा ठेका देते समय कई अनियमितताएं हुई थी। जांच एजेंसी के मुताबिक, खिचड़ी पैकेट की आपूर्ति के लिए बीएमसी द्वारा फोर्स वन मल्टी सर्विसेज के बैंक खाते में 8.64 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई थी।

### शरद पवार के पोते रोहित पवार से ईडी ने 11 घंटे की पूछताछ

वहीं महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए ईडी के सामने शरद पवार के पोते और विधायक रोहित पवार पेश हुए। यह पूछताछ 11 घंटे से अधिक समय तक हुई। गौरतलब है कि विधायक रात करीब 10 बजे दक्षिण मुंबई स्थित ईडी कार्यालय से बाहर निकलें। ईडी की पूछताछ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मालदीव के मुख्य विपक्षी दलों ने भारत विरोधी रुख पर जताई चिंता



**कहा- विकास भागीदारों के साथ काम करें सरकार**

माले। मालदीव के दो मुख्य विपक्षी दलों ने बुधवार को भारत को सबसे पुराना सहयोगी बताते हुए सरकार के भारत विरोधी रुख पर चिंता जताई। मालदीव के दो राजनीतिक दलों मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी और डेमोक्रेट्स ने भारत के समर्थन में यह बात सरकार द्वारा चीन के जासूसी पोत को माले के बंदरगाह पर ठहरने की अनुमति देने के बयान के एक दिन बाद कही।

एमडीपी अध्यक्ष व पूर्व मंत्री फैयाज इस्माइल व संसद उपाध्यक्ष सांसद अहमद सलीम ने डेमोक्रेट पार्टी अध्यक्ष सांसद हसन लतीफ और संसदीय समूह के नेता सांसद अली अजीम के साथ बुधवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, देश की सरकारों को मालदीव के लोगों के लाभ के लिए सभी विकास भागीदारों के साथ काम करना चाहिए। अब तक मालदीव पारंपरिक रूप से यही करता आया है। हिंद महासागर में स्थिरता और सुरक्षा मालदीव की स्थिरता और सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ज्ञानवापी मामले में जिला जज का आदेश, सार्वजनिक की जाएगी सर्वे रिपोर्ट की हार्ड कॉपी



वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट को लेकर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया। जिला जज ने सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने का आदेश दिया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पहले ही रिपोर्ट अदालत में दाखिल की थी।

हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा आज अदालत ने दोनों पक्षों को सुना और सहमति बनी कि एएसआई की रिपोर्ट की हार्ड कॉपी दोनों पक्षों को दी जाएगी। एएसआई ई-मेल के माध्यम से रिपोर्ट देने पर आपत्ति जता रही थी, इसलिए दोनों पक्ष रिपोर्ट की हार्ड कॉपी प्राप्त करने पर सहमत हुए। नकल के लिए पक्षकार कोर्ट में आवेदन देंगे।

मां श्रृंगार गौरी केस की वादिनी सीता साहू, रेखा पाठक, मंजू व्यास और लक्ष्मी देवी की तरफ से सर्वे रिपोर्ट की प्रति दिए जाने का अनुरोध अदालत से किया गया था। वादिनी महिलाओं का कहना था कि यह जनहित का मुद्दा है। इसे गोपनीय बनाकर हौव्वा बनाया जा रहा है। हिंदू पक्ष की ही एक अन्य वादिनी राखी सिंह का कहना था कि अदालत में दाखिल रिपोर्ट के अध्ययन का अधिकार वादी पक्ष को है। वहीं, अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी का कहना है कि यदि सर्वे रिपोर्ट वादिनी महिलाओं को दी जाती है तो उन्हें भी उपलब्ध कराई जाए। उधर, एएसआई का कहना है कि जब तक प्राचीन मूर्ति स्वयंभू ज्योतिर्लिंग लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ के मुकदमे में ज्ञानवापी सर्वे की रिपोर्ट की प्रति वह दाखिल न कर दे, तब तक उसे सार्वजनिक न किया जाए।

## वाणिज्यिक कर विभाग में बड़ा फेरबदल, राजस्व संग्रहण में देरी और शिकायत के बाद हटाए गए 21 अधिकारी

रायपुर। राजस्व संग्रहण में देरी व लक्ष्य के मुताबिक अपेक्षाकृत कम राजस्व का नुकसान अधिकारियों को भुगतना पड़ा है।

वाणिज्यिक कर विभाग ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 21 अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी कर दिया है, जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है, इनमें से चार-पांच बड़े अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें भी मिली थी। सूत्रों के मुताबिक एक ही डिवीजन में पांच से 10 वर्षों तक जमे रहे अधिकारियों को भी बाहर का रास्ता दिखाया गया है। विभाग के इस प्रशासनिक सर्जरी को बीते दिनों वित्त मंत्री ओपी चौधरी की समीक्षा बैठक का असर माना जा रहा है, जिसमें विभागीय मंत्री ने राजस्व संग्रहण की दिशा में आ रही बाधाओं को दूर करने के दिशा-निर्देश दिए थे। विभाग में अधिकारियों के तबादले के संबंध में अवर सचिव मनोज कुमार मिश्रा ने आदेश जारी कर दिया है।



### 22 हजार करोड़ का लक्ष्य, मिला 15 हजार करोड़ रुपये

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक वाणिज्यिक कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 22 हजार करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा है, लेकिन अब तक सिर्फ 15 हजार करोड़ रुपये का संग्रहण हो पाया है। विभागीय मंत्री ने बड़े बकायादारों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

### इन अधिकारियों का हुआ तबादला

सोनल के. मिश्रा-संयुक्त आयुक्त राज्य कर (दुर्ग), नरेंद्र कुमार वर्मा-संयुक्त आयुक्त राज्य कर (प्रवर्तन) बिलासपुर,दीपक गिरी-संयुक्त आयुक्त राज्यकर संभाग-दो बिलासपुर, सुनील चौधरी संयुक्त आयुक्त राज्यकर रायपुर संभाग-1, अजय देवांगन-संयुक्त आयुक्त राज्यकर (अपील) रायपुर, महेंद्र प्रताप सिंह-कार्यालय राज्य कर संयुक्त बिलासपुर संभाग-एक, मंगेश कारेकर-राज्य कर उपायुक्त, जगदलपुर, शारदा मिश्रा-वाणिज्यिक कर अधिकरण-सचिव नवा रायपुर, प्रभात सोनी-सहायक आयुक्त दुर्ग वृत्त, संदीप यदु सहायक आयुक्त राज्य कर दुर्ग वृत्त-दो, सौरभ बासु सहायक आयुक्त राज्य कर, कोरिया वृत्त, नवदीपक साहू-सहायक आयुक्त राज्य कर रायपुर वृत्त तीन, आभास सिंह ठाकुर-सहायक आयुक्त राज्य कर रायपुर वृत्त पांच, पारितोष इंद्रगुरू (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कर्पूरी ठाकुर को जन्म-शताब्दी पर मोदी, अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई बड़े नेताओं तथा संगठनों ने सामाजिक न्याय और समता के पुरोधा, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को उनकी जन्म-शताब्दी पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनके योगदान को याद किया है।

श्री मोदी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को उनकी जन्म-शताब्दी पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये हा , हमारी सरकार को कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सरकार ने दिवंगत ठाकुर को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित करने की मंगलवार को घोषणा की। श्री मोदी ने समाज और राजनीति पर कर्पूरी ठाकुर के अद्वितीय प्रभाव पर अपने विचार एक लेख में भी साझा किये हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को उनकी जन्म-शताब्दी पर नमन करता हूं। इस विशेष अवसर पर हमारी सरकार को उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैंने हमारे समाज और राजनीति पर उनके अद्वितीय प्रभाव पर अपने विचारों को कलमबद्ध किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महान नेता कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने का स्वागत करते हुये उन्हें सामाजिक न्याय का महान योद्धा बताया और जन्म शताब्दी पर आज नमन किया। उन्होंने बिहार के पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री को भारत रत्न से विभूषित किये जाने का भी स्वागत किया है।



श्री गांधी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, सामाजिक न्याय के अप्रतिम योद्धा जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को उनकी जन्म शताब्दी पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वह निश्चित ही भारत के अनमोल रत्न हैं और उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न दिये जाने के फैसले का स्वागत है। राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश नारायण ने दिवंगत ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने का स्वागत किया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू और भाजपा सांसद रामकृपाल यादव ने भी दिवंगत नेता को नमन किया है और उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने के निर्णय के लिये मोदी सरकार का आभार जताया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर, भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने भी दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की है। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दिवंगत ठाकुर की जन्म-शताब्दी पर पटना में आयोजित राजकीय समारोह में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

## पहला कॉलम...

### टर्फ सफाई के लिए दिल्ली से मशीन पहुंची



राजनांदगांव (दावा)। 80वी महंत राजा सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन जो आगामी 29 जनवरी से 07 फरवरी तक अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में होगा, इस हेतु टर्फ की सफाई के लिये खेल विभाग छ.ग. शासन से अधिकृत कंपनी की सफाई मशीन कल राजनांदगाँव पहुंच चुकी है, आज मशीन से टर्फ की सफाई की जाएगी।

### दो दिवसीय पायलेट स्कूल सॉइल हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम का जवाहर नवोदय विद्यालय एवं केन्द्रीय विद्यालय पेण्ड्री में संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय के निर्देश पर दो दिवसीय पायलेट स्कूल सॉइल हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम का जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ एवं केन्द्रीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में किया गया। 6वीं से 12वीं तक के बच्चों में जागरूकता लाने हेतु पायलेट स्कूल सॉइल हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी श्रीमती रूपलता गुप्ता अग्रवाल ने मृदा की महत्ता, मृदा के मुख्य पोषक तत्व एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की जानकारी दी।

साथ ही प्रत्येक पोषक तत्वों की कमी के लक्षण, निवारण व संतुलित उर्वरक का उपयोग, मृदा नमूनों के संग्रह व आवश्यकता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड की महत्ता आदि पर विस्तृत जानकारी दी। कृषि विकास अधिकारी श्रीमती सुषमा शुक्ला ने कहा कि अच्छा और अधिक उत्पादन के लिए मृदा स्वास्थ्य परीक्षण बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन को चलाने के लिए अन्न आवश्यक है और अन्न किसी फैक्ट्री या वैज्ञानिक द्वारा नहीं बनाया जा सकता है न ही गूगल से डाऊनलोड किया जा सकता है। अन्न जमीन से ही पैदा करना पड़ता और अच्छे मन और तन के लिए अच्छा अन्न चाहिए होता है। अच्छा अन्न पैदा करने के लिए मृदा का स्वस्थ होना जरूरी है जिसके लिए मृदा परीक्षण आवश्यक है ताकि जमीन को संतुलित उर्वरक प्रदान कर अच्छा और अधिक पैदावार प्राप्त किया जा सके। साथ ही अम्लीय, क्षारीय मृदा का फसलों पर प्रभाव अम्लीय, क्षारीय मृदा का परीक्षण व निवारण एवं मृदा में इलेक्ट्रिकल कंडक्टिविटी का प्रभाव पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।

### कल ग्राम ईरा में मंडई मेला

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 26 जनवरी दिन शुक्रवार को ग्राम ईरा में मंडई मेला का आयोजन संयुक्त ग्रामवासी के तत्वाधान में रखा गया है।

रात्रि में लोक रंजनी (कांति बसु कृत) दैहान बांधा बाजार वालों का लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। इस वर्ष मंडई मेला का आयोजन ग्राम के गौठान में स्थानांतरण की गई है इस वर्ष बाजार चौक की जगह गौठान में मंडई का आयोजन होगा, जिसमें आसपास के सभी क्षेत्रवासी आकर मंडई मेला का आनंद ले सकते हैं।



राजनांदगांव (दावा)। लखोली वार्ड क्रमांक 31 में अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 23 जनवरी को लखोली नाका स्थित हनुमान मंदिर के पास मंदिर समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने शाम को प्रसाद के रूप में पोहा व मिठाई का वितरण किया गया। जिसमें भक्तों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रसाद लिए साथ में बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

# छेरछेरा पर्व: देंहू-देहूं काहत है, मरकनीन की होगी गूंज

**पौष पुन्नी में स्नान ध्यान दान पूण्य का रहेगा माहौल, सुआ नृत्य करती नजर आएंगी महिलाएं**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ अंचल का किसानी से संबंधित हरेली के बाद दूसरा बड़ा लोकपर्व छेरछेरा को आज धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। पौव मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले छेरछोरा लोक पर्व में नदी सरोवरों में पून्नी ध्यान व दान धर्म किए जाने का खासा महत्व है।



demo pic

छेरी के छेरा छेर छेरा मरकनीन रूप में गुंजायमान होने वाले इस लोक पर्व का सम्बंध माता शाकंभरी से भी माना जाता है। जिन्होंने दुर्भिक्ष से पीड़ित जनता को बचाने ऋषि-मुनियों द्वारा गुहार लगाए जाने पर श्रेयःश्रयः कह कर सबका कल्याण होने का आशीर्वाद दिया था। इससे दूर्भिक्ष मिट कर चारो ओर हरियाली फैल गई थी व फल-फूल शाक-सब्जी आदि की भरपूर पैदावार हो गया था। मां शाकंभरी द्वारा भक्तों को कहा गया श्रेयः श्रेयः अपभ्रंश होकर सेर-सेरा हो गया जो लोक उधारण में छेर छेरा बन कर व्यवहत हो रहा है।

**दान-पूण्य का पर्व**

पौष माह की पूर्णिमा स्नान दान व्रत पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस दिन नदी-सरोवर में स्नान कर याचकों में दान-धर्म करने की परम्परा है। अंचल के लोग इस परम्परा को बखूबी निभाते है। वैसे भी यह समय किसानी कार्य का वह समय होता है जब किसानों की जांगरतोड़ परिश्रम का फल धान की अथाह राशि के रूप में मिलता है। मींज कूट कर खलिहान में रखे धान की अपार राशि को देखकर किसान खुश होता है और उसके मन में ऋषि तुल्य संस्कार दान-धर्म की भावना जागती है और वह खुशी-खुशी सूप में धान व नमक, मिर्च, आटा व कुछ फल-सब्जिया रख कर लोगों में बांटता है। यही दान-धर्म की प्रक्रिया ही सेर-सेरा कहलाता है जो लोक उच्चारण में बिगड़ कर छेरछेरा कहला रहा है।

इस दिन नदी-सरोवरों के तट पर मेला-मंडई भी आयोजित किया जाता है। स्नान-दान पूण्य का दौर भी बना रहता है। मंदिर में देव दर्शन व सत्यनारायण की पूजा कराई जाती है। वही पौष पून्नी के दिन सुबह से ही छेरी के छेरा-छेर मरकनीन का टेर लगाते हुए छेरछेरा मांगने वालों का हुजूम भी दिखाई पड़ने लगता है। इसमें छोटे-छोटे बच्चे से लेकर युवक-बुर्जुग सभी शामिल रहते। महिलाए भी ताली बजाते हुए सुआ नृत्य कर लोगों से छेरछेरा का दान मांगती है। आज यह दृश्य चहूं ओर व्यंजित होते देखा जाएगा। छेरछेरा पून्नी के दिन रामधुनि गायन व डंडा नाच भी किया जाता है लेकिन बदलते परिवेश में डंडा नाच लगभग लुफ्त हो गया ह। बहरहाल आज अंचल में छेरछेरा पर्व का बहार देखने को मिलेगी। लोग एक-दूसरे में सेरी के सेरा (छेरछेरा) दान कर पर्व की खुशिया मनाएंगे।

## आज से तीन दिवसीय राष्ट्रीय सप्त-रंग संगीत समारोह का शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। अंचल की सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र द्वारा आज छेरछेरा लोक पर्व के पुनित उपलक्ष्य में स्थानीय गांधी सभागृह में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सप्त- रंगसंगीत समारोह का आयोजन किया जा रहा है।



संस्था के संस्थापक एवं पदम्मविभूषण पं.बिरजू महाराज जी के शिष्य डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा के संयोजन में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से उक्त तीन दिवसीय रंगारंग राममय संगीतिक आयोजन आज 25 जनवरी गुरुवार को सायं 6 बजे प्रारंभ होगा व 26 और 27 जनवरी म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में स्थित गांधी सभागृह में इस रंगारंग आयोजन की। श्रृंखला बनी रहेगी। इस रंगारंग सांगीतिक आयोजन में देश के जाने माने गायक डॉ. प्रभाकर कश्यप (पंजाब वि.वि. चंड़ीगढ़), डॉ. दिवाकर कश्यप (इं.क..सं.वि.वि. खैरागढ़) जी शिरकत कर रहे हैं। जिनके साथ सहयोगी के रूप में सुप्रसिद्ध तबला वादक डॉ. हरि ओम हरि (तबला) इं.क.सं.वि.वि. खैरागढ़ और जाने माने गायक एवं माटीपुत्र डॉ. लिकेश्वर वर्मा (इं.क.सं.वि.वि. खैरागढ़) हारमोनियम में सहयोगी के रूप में मंचस्थ होंगे। इसके अलावा संस्कार कत्थक केन्द्र नागपुर के कलाकारों द्वारा श्रीराम चंद्र गाथा राममय नृत्य संरचना का प्रदर्शन होगा और चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र के कलाकारों की प्रस्तुति ध्रुपद एवं भजन में नृत्य प्रस्तुति होगी। इस भय सप्तरंग समारोह में विशेष रूप से रामनामी सम्प्रदाय के लोग भी सम्मिलित होने जा रहे हैं जिनका रोम रोम में निर्गुणी राम जी बसे हुए हैं। सुबह हो या शाम इनके जीवन में बस राम ही राम है। रामरमिहा जनजातीय समुदाय जो कि पूरे शरीर में राम राम का गोदलना (टेटु) गुदवाया होता है और सफेद वस्त्र में राम-राम अंकित होता है। सप्तरंग समारोह में नृत्य, संगीत और कला से जुड़े हुए बच्चों एवं युवाओं के लिए कलात्मक सेल्फी जोन भी होगा। राष्टीय सप्तरंग संगीत समारोह, शास्त्रीय एवं लोक कलाओं पर आधारित है और पूर्णतः निःशुल्क प्रवेश है। उपरोक्त जानकारी संस्था के तुषार सिन्हा ने दी।

## मोहड़ में 29 से तीन दिवसीय कबीर सत्संग

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम मोहड़ वार्ड 49 में 29 जनवरी से तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में मुख्य वक्ता महंत राजू दास एवं संत मंडली कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा होंगे। यह आयोजन सदगुरु कबीर नवयुवक सत्संग समिति एवं अमिन माता महिला मंडल व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित हो रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष शेखर साहू ने बताया कि पहले दिन सोमवार को सुबह 9 बजे गुरु महिमा पाठ, 11 बजे दीप प्रज्जवलित, निसान पूजा सत्संग भजन, दोपहर को भोजन भंडारा के बाद 3 बजे भजन सत्संग होगा। शाम 6 बजे मूल संध्या पाठ और सदगुरु कबीर साहेब की मंगल आरती व प्रसाद वितरण होगा। दूसरे दिन इसी प्रकार का आयोजन होगा। इसके बाद तीसरे दिन सत्यनाम धुन के साथ साहेब की भव्य शोभायात्रा, मंगल आरती व साहेब द्वारा आशीष वचन के बाद सात्विक यज्ञ आनंदी चौका आरती होगी।

## आज भाजयुमो का जिला नमो नवमतदाता सम्मेलन व सम्मान कार्यक्रम

**चारों विधानसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जुड़ेंगे लाईव**

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला राजनाँदगाँव द्वारा आज जिले के नवमतदाता सम्मलेन का आयोजन जिले के चारो विधानसभा में आयोजित किया गया है उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी सीधे नवमतदाताओं से जुड़ेंगे एवं चर्चा करेंगे। साथ ही प्रथम मताधिकार राष्ट्रहित में समर्पित करने वाले युवाओं का सम्मान भाजयुमो के द्वारा किया जाएगा।

ज्ञात हो की यह कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा मोर्चा के आह्वान पर किया जा रहा है जहा प्रधानमंत्री 5000 जगहो पर एक साथ जुड़ेंगे। उक्त कार्यक्रम राजनांदगाव विधानसभा के बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल, बसंतपुर, खुज्जी विधानसभा में छुरिया सामुदायिक भवन, डोंगरगढ़ में श्याम रिसोर्ट (छोटी मंदिर के सामने), डोंगरगांव में सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद संतोष पांडे, वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल जी, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, वरिष्ठ नेता सचिन बघेल, दिनेश गांधी, भाजपा पि. मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भरतलाल वर्मा, जिला महामंत्रीद्वय राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री कोमल सिंह राजपूत, विनोद खांडेकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जिला पंचायत सदस्य अशोक देवांगन, नगर निगम नेताप्रतिपक्ष किशुन यदु, भाजयुमो प्रभारी, आकाश ठाकुर, सहप्रभारी अरुणि दानी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी जिला भाजयुमो महामंत्री गोलू सूर्यवंशी ने दी।

## एनबीआईएस में नेताजी की जयंती पर विशेष सभा

राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष सभा का आयोजन किया गया।



शाला के छात्र-छात्राओं के द्वारा सुभाष चंद्र बोस की वेशभूषा में प्रस्तुति दी गई तथा नेताजी के विचारों की मंचस्थ प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया। अपने संबोधन में श्री बाजपेयी ने बच्चों को बताया कि सुभाष चंद्र बोस को नेताजी क्यों कहा जाता है। नेताजी की शिक्षाएँ एवं विचार आज के विद्यार्थी जीवन में बडी महत्ता रखते है।

श्री बाजपेयी द्वारा अपने संबोधन में आगे कहा गया कि नेताजी के विचार से सीख लेते हुए विद्यार्थी एक अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनकर देश की सेवा करते हुए देश को आगे बढ़ाने में सहयोग दे सकते है। जिस प्रकार नेताजी अपने विद्यार्थी जीवन में अनुशासित रहते हुए अपना संपूर्ण जीवन भारत मां के लिए समर्पित कर दिये। शाला के कक्षा दूसरी के छात्रों द्वारा नेताजी के जीवन पर आधारित नाट्य रुप का सफल मंचन किया। इस अवसर पर शाला के डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, अकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारीज एवं जे.एस.एस. के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन


राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव एवं जनशिक्षण संस्थान राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 24 जनवरी बुधवार को शासकीय विद्यालय टेडेसरा में छात्राओं के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी आश्रम राजनंदगांव से मुख्यवक्ता के रूप में पधारे बी.के.प्रभा बहन जी ने कहा कि हमारे देश को माता कहा जाता है, क्योंकि इस देश की नारी महान है। भारत की माताओं ने बाल्यावस्था में जो संस्कार प्राप्त किया जो त्याग तपस्या किया जिसके फलस्वरूप माता सीता देवी अनुसुइया रानी लक्ष्मीबाई, रानीदुर्गावती, दादी प्रकाशमणि जैसे विदुषी नारी तैयार हुई जिसके फलस्वरूप आज भारत वंदनीय और पूज्यनीय बनी। आज के बालिकाओं को भी अपने जीवन सत्यता, प्रेम, सहनशीलता, धैर्य, सहयोग, जैसे दिव्यगुणों को आत्मसात करके भारत को आध्यात्मिक गुरु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है।



इसी तारतम्य में जनशिक्षण संस्थान के निदेशक झालम सिंह ने बालिका दिवस का उद्देश्य बताते हुए कहा कि 24 जनवरी 1966 को हमारे देश के प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी, इसलिए 24 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में सन् 2008 से मनाया जा रहा है। बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य लड़कियों को उनके अधिकार, इनकी शक्तियों तथा समानता के प्रति जागरूक करना है।

विद्यालय के प्राचार्य दीपक ठाकुर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बेटियों के जीवन में एक नई जागरूकता आएगी वे अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने अंदर निहित शक्तियों को जानेंगे जिससें उन्हें आगे जीवन में सफलता मिलेगी। प्राचार्य महोदय ने उनके विद्यालय में ब्रह्मकुमारीज एव जे.एस.एस. के द्वारा इस आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के अंत में बी.के.पूजा बहन जी ने सभी बालिकाओं को संकल्प कराया कि हम देश के प्रति वफादार रहकर देश की सेवा करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बी.के.शकुन दीदी जनशिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी असरफ खान, ओंकार प्रसाद एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## आज मणिकुंडल जी की जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। श्री अयोध्यावासी वैश्यों के आदि महापुरुष प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त महाराजा श्री मणिकुंडल जी की जयंती का आयोजन पौष पूर्णिमा के दिन 25 जनवरी (गुरुवार) को राजनांदगाँव समीपस्थ ग्राम भंवरमरा स्थित समाज के राधा-मुकुंद मंदिर में पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रातः 10.30 बजे से भगवान श्री सत्यनारायण भगवान की कथा पूजा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा एवं दोपहर 1 बजे प्रसादी का कार्यक्रम रहेगा। इसमें श्री अयोध्यावासी वैश्य नगर सभा राजनांदगांव के अध्यक्ष किशन गोपाल जी गुप्ता ने राजनांदगाँव सहित रायपुर, दुर्ग, देवादा, टेड़ेसरा, सांकरा, डोंगरगांव, चौकी, बांधा बाजार सहित राजनांदगाँव जिले के आसपास निवासरत् श्री अयोध्यावासी वैश्य सामाजिक बंधुओं से निवेदन किया है कि इस भक्ति एवं आस्था के गरिमापूर्ण कार्यक्रम में सपरिवार पधार कर अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान करें। उक्त जानकारी शैलेष गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी ।

## महापौर ने दी गणतंत्र दिवस की बधाई

राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनांए देते हुए नागरिकों के जीवन में समृद्धि व खुशहाली की कामना की है। शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस का पर्व हमें राष्ट्रीय एकता और अखंडता से जुडने की प्रेरणा देता है। महापौर श्रीमती देशमुख सहित अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने कहा कि हमारे महान राष्ट्र नायकों ने अपने बलिदान से हमें आजादी दिलाई। उन्होंने कहा कि यह गणतंत्र दिवस निगम पदाधिकारियों का जनसेवा की संकल्प यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव है और जन विश्वास की पूंजी से ही हम इस नगर के विकास का रास्ता तय करेंगे। महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह,संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा,श्रीमती दुलारी बाई साहू, गणेश पवार, राजा तिवारी, श्रीमती बैना बाई टुराहटे, राजेश गुप्ता चम्पू, अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, ऋषि शास्त्री, जिला योजना समिति के सदस्य सिद्धार्थ डोगरे व अमिन हुद्दा, व पार्षदों ने नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए इस राष्ट्रीय पर्व को अपूर्व उमंग-उल्लास-उत्साह के साथ मनाने की अपील की है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-4-8
230-5 380-1
राजधानी
2-3-5
166-3 579-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202401093700029 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक केशव राम देवांगन आ. दयाराम देवांगन, निवासी दीवानपारा, राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनादगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव मोहल्ला सोनारपारा स्थित शीट क्रमांक 36 डी, भूखण्ड क्रमांक 69/1, क्षेत्रफल 17.00 वर्गमीटर धारकगण शांतीबाई ध.प. स्व. दयाराम व केशोराम आ. दयाराम देवांगन निवासी-राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के सहधारक शांतीबाई बेवा दयाराम की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर शेष सहधारक का नाम यथावत रखे जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि / मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है. पेशी तारीख 05.02 2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी। यह उद्घोषणा आज दिनांक से जारी किया गया। 19.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202401093700028 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक केशव राम देवांगन आ दयाराम देवांगन, निवासी-दीवानपारा, राजनांदगाँव तहसील व जिला-राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव मोहल्ला दीवानपारा स्थित शीट क्रमांक 36डी, भूखण्ड क्रमांक 76/2 क्षेत्रफल 25.00 वर्गमीटर धारक शांतीबाई बेवा दयाराम कोष्टा, निवासी-राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के धारक शांतीबाई बेवा दयाराम की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है. पेशी तारीख 05.02.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव**
कार्यालय पता- न्यू बस स्टैंड व्यवसायिक परिसर राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) फोन नं. 07744469714 E-mail: emzonerjn@gmail.com


क्रं./21/सं.अ./2023 // आम सूचना // प्रक्षेत्र-राजनांदगांव, दिनांक 04/01/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि छ.ग. शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत् निम्नलिखित आबंटियों द्वारा उनके नाम के सम्मुख दर्शाये गये आवासीय भूखण्ड/भवन को फ्री होल्ड में संपरिवर्तन करने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड/ भवन को फ्री होल्ड में संपरिवर्तन करने की कार्यवाही में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

| क्र. | आवेदक का नाम पिता/पति का नाम | भवन क्र. | कॉलोनी का नाम | भूखण्ड का क्षेत्र. (व.फी में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री राकेश कुमार साहू पिता श्री सुरेश कुमार साहू | AAY-113 | Manki | 552.63 |

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज ता. 25 से भव्य शुभारंभ रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
फाइटर
कलाकार - ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर, अक्षय आलेराय, करण सिंह ग्रोवर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

silver SCREEN
SILVER SCREEN Multiplex
25th Jan 2024
ADVANCE BOOKING OPEN




Fighter - 12:00, 12:15, 12:30, 03:00, 03:15, 03:30, 06:00, 06:15, 06:30, 09:00, 09:15 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आपसी समन्वय से कार्य करने की जरूरत - सांसद संतोष पाण्डेय

राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि केन्द्र शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं पर सार्थक चर्चा हुई है और जिज्ञासा का समाधान हुआ है। उन्होंने कहा कि आगे भी शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आपसी सहयोग एवं समन्वय से कार्य करने की जरूरत है। दिशा की दिशा अच्छी है और संस्कारधानी के अनुरूप सभी कार्य करते हुए आगे बढ़ेंगे। उन्होंने इस दौरान केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रति दो या तीन माह में दिशा की बैठक समय-समय पर आयोजित की जाएगी। दिशा समिति के माध्यम से लोकहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन तथा सुझाव से विकास के कार्यों को गति मिलेगी। इस अवसर पर विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता बघेल एवं अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार उपस्थित थे।

**○ केन्द्र शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में हुई सार्थक चर्चा**

**○ सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ( दिशा ) की बैठक संपन्न**



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के अंतर्गत किए जा रहे कार्य स्थायी परिसम्पत्ति के रूप में होना चाहिए। जिससे इन कार्यों को स्थायित्व मिलेगा, जो ग्रामीण क्षेत्रों के लिए उपयोगी साबित होगा तथा वहीं मनरेगा के अंतर्गत श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार भी उपलब्ध हो सकेगा। मनरेगा अंतर्गत धरसा रोड के लिए चिन्हांकन किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों तथा जनसहभागिता से अभियान की तरह कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी को सक्रियतापूर्वक कार्य करना होगा। बच्चों के सुपोषण पर ध्यान देते हुए उन्हें पौष्टिक आहार प्रदान किया जाएगा तथा इसके साथ ही ऐसा प्रयास करना होगा कि बच्चों के कुपोषण की समस्या को समाप्त करने के लिए प्राथमिक स्तर पर कार्य करते हुए एनीमिक किशोरी बालिकाओं तथा गर्भवती माताओं को पौष्टिक आहार देने की जरूरत है। आने वाली पीढ़ी को मजबूत बनाने के लिए शिविर लगाकर तथा कुपोषण के प्रति जागरूकता लाकर इस कार्य को करने की आवश्यकता है। उन्होंने पंजीकृत श्रमिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए चिन्हांकित करने के लिए कहा।

जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार ने प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बैंक लिंकेज के माध्यम से स्वसहायता समूह की महिलाओं को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। समूह की महिलाएं विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़ी हैं। अब तक लगभग 70 प्रतिशत महिलाओं को ऋण उपलब्ध कराया गया है। कृषि सखी द्वारा गांव में जैविक खेती के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत ग्रामीण गरीब युवाओं को चिन्हांकित कर उन्हें न्यूनतम मजदूरी तथा नियमित रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य दिया जा रहा है। प्रशिक्षित युवाओं को प्लेसमेंट के माध्यम से व्यापक तौर पर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ऐसे हितग्राही जिनके पास आवास के लिए भूमि नहीं है, वे भी इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। ऐसे जनसामान्य जो छूट गए है, उन्हें पात्रता के अनुसार शासन की योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए पात्र-अपात्र, दावा-आपत्ति, परीक्षण एवं अंतिम निराकरण के लिए प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के माध्यम से समूह की महिलाओं को रोजगारमूलक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन, सांसद आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्रदान की।

बैठक में माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर डोंगरगढ़ में प्रसाद योजना की प्रगति के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा स्थानीय समस्या के समाधान एवं विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय ने बताया कि जिले में मक्का, कोदो, कुटकी एवं रागी जैसे मिलेट्स के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसान लाभान्वित हो रहे हैं। मृदा स्वास्थ्य कार्ड, परम्परागत कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि अवसंरचना निधि योजनाएं, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी योजना, कृषि क्लिनिक और कृषि व्यवसाय केन्द्र योजना, किसान कॉल सेंटर, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-प्रति बूंद अधिक फसल, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम, ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर ने एकीकृत बाल विकास योजना, बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महिला संरक्षण एवं सुरक्षा योजना के संबंध में जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके बसोड़ ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में बताया।

बैठक में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय विकास योजना, गांवों की आबादी का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण, डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना (सभी के लिए आवास-शहरी), स्वच्छ भारत मिशन शहरी, स्मार्ट सिटी मिशन, कमान क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन कार्यक्रम त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम, जल निकायों की मरम्मत, नवीनीकरण और पुनरूद्धार, सतही लघु सिंचाई, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण-प्रधानमंत्री पोषण (मध्यान्ह भोजन योजना), समग्र शिक्षा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का कार्यान्वयन, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति, एमसीएम छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, सुगम्य भारत अभियान-एक्सेसिबिलिटी इंडिया अभियान, विशिष्ट विकलांगता आईडी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, डिजिटल इंडिया-सार्वजनिक इंटरनेट एक्सेस कार्यक्रम प्रत्येक ग्राम पंचायत (सीएससी) में सामान्य सेवा केन्द्र प्रदान करना, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, ई-श्रम पोर्टल, खेलो इंडिया, राजमार्ग जैसे बुनियादी ढांचे से संबंधित कार्यक्रम-परिवहन के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामजी भारती, भरत वर्मा, अशोक चौधरी, जनपद अध्यक्ष छुरिया श्रीमती किरण वैष्णव, नगर पालिका डोंगरगढ़ के अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम राजनांदगांव अरूण कुमार वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अजीज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया तुमड़ीबोड़ गुरुद्वारा का शैक्षणिक भ्रमण



राजनांदगांव (दावा)। अजीज पब्लिक स्कूल, इंदामरा के छात्र-छात्राओं ने आध्यात्मिक महत्व को समझने के लिए गुरुद्वारा बंदी छोड़ पातशाही 6 तुमड़ीबोड़ का भ्रमण किया। गुरूद्वारा में शालीनता तथा शांति के साथ प्रवेश करते हुए समस्त छात्र-छात्राएं अनुशासित ढंग से एकत्रित हुए। उन्होंने वहां पर गुरुवाणी तथा गुरुवचनों को सुना तथा माथा टेक कर प्रार्थना भी की। बच्चों की शिक्षा और अच्छी सेहत के लिए अरदास भी किया गया। गुरुद्वारा के ज्ञानी नरिन्दर सिंह जी ताज ने सभी बच्चों को गुरुद्वारा से संबंधित सभी जानकारी दी तथा श्री गुरुग्रंथ साहब जी के महत्व को भी बताया।

गौरतलब है कि सभी छात्र-छात्राओं को चिप्स दिया गया और सभी ने प्रसाद के रूप में लंगर भी ग्रहण किया। स्कूल के लगभग 180 बच्चों ने इस शैक्षणिक भ्रमण में शामिल हुए। गुरुद्वारा के ज्ञानी नरिन्दर सिंह जी ताज ने सिख धर्म के बारे में जानकारी दी तथा बच्चों का ज्ञानवर्धन भी किया।

## डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम नेशनल अवार्ड से डॉ. त्रिलोक कुमार सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राध्यापक डॉ. त्रिलोक कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रसिद्ध समता साहित्य अकादमी द्वारा इनके अकादमिक एवं उल्लेखनीय कार्यों हेतु इन्हें प्रदान किया गया। यह अवार्ड डॉ. त्रिलोक कुमार को अध्ययन-अध्यापन के अलावा विभिन्न अकादमिक कार्यों, प्रोजेक्ट, छात्र-छात्रों हेतु निशुल्क कोचिंग एवं कैरियर मार्गदर्शन, रिसर्च पेपर, पुस्तक, बुक चेप्टर के प्रकाशन आदि कार्यों के लिए प्रदान किया गया। डॉ. त्रिलोक कुमार की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर ने इन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह अवार्ड दिग्विजय महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. हेमलता मोहबे, प्रोफेसर एस.के. जाघव पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, प्रोफेसर के.के. साहू पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एवं अन्य प्राध्यापकों ने डॉ. त्रिलोक कुमार को बधाई दी।

## गणतंत्र दिवस के लिए किया गया अंतिम रिहर्सल



राजनांदगांव (दावा)। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का रिहर्सल आज सुबह दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के साथ अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह एवं डीएसपी यातायात श्री हेमनायक प्रकाश ने परेड का निरीक्षण किया। रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण कर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कलेक्टर ने अंतिम रिहर्सल कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रिहर्सल परेड के दौरान जवानों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट एवं हर्ष फायर भी किया गया।

**○ कलेक्टर ने निभाया मुख्य अतिथि का दायित्व**

**○ दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित होगा जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह**

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को आयोजन से जुड़े तैयारियों के संबंध में जानकारी लेते हुए आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने समारोह स्थल में बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल अधिकारियों से वीआईपी बैठक व्यवस्था के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, पत्रकारों एवं जनसामान्य के लिए भी बैठक व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने समारोह स्थल की साज-सज्जा एवं सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा।

रिहर्सल के दौरान गणतंत्र दिवस समारोह के परेड का नेतृत्व परेड कमांडर श्री ढाल सिंह साहू ने किया। उप निरीक्षक श्री भूषण चंद्राकर ने परेड टूआईसी का दायित्व निभाया। परेड में आईटीबीपी, सीएएफ 8वीं बटालियन राजनांदगांव, पीटीएस राजनांदगांव, जिला पुलिस महिला बल राजनांदगांव, नगर सेना महिला बल राजनांदगांव, एनसीसी आर्मी पुरूष शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, एनसीसी नेवी पुरूष शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, एनसीसी महिला शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, एनसीसी आर्मी शासकीय कमला देवी महाविद्यालय, एनसीसी स्टेट स्कूल, एनसीसी सर्वेश्वरदास नगर पालिक स्कूल राजनांदगांव, एनसीसी डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्कूल राजनांदगांव प्लाटून शामिल हुए, स्काउड गाईड स्टेट हाईस्कूल और महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव प्लाटून शामिल हुए। इस अवसर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्कूली बच्चों ने देशभक्ति पूर्ण गीतों पर प्रस्तुति दी। रिहर्सल कार्यक्रम में साढ़े 6 सौ बच्चों द्वारा व्यायाम का प्रदर्शन किया गया। रिहर्सल कार्यक्रम का सफल संचालन एएसआई यातायात कमल श्रीवास्तव ने किया।

## श्रीराम हर्ष महोत्सव खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन द्वारा संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में 22 जनवरी को प्रभु श्री रामलला के दिव्य भव्य अयोध्या धाम के नवनिर्मित मंदिर में विराजमान होने पर संस्कारधानी राजनांदगांव के खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन द्वारा श्री राम हर्ष महोत्सव मनाया गया।

**○ बाजे-गाजे एवं आतिशबाजी के साथ प्रभु श्री रामलला की महाआरती उतारी गई**

**○ जय-जय राम राजा राम नाम से पूरा वातावरण गूंजायमान हो गया**

युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष शरद खंडेलवाल ने बताया कि शहर के स्थानीय श्री मोतीनाथ मंदिर परिसर में गोधूलि बेला में श्री राम हर्ष महोत्सव मनाया गया। इस शुभ अवसर पर श्री मोतीनाथ मंदिर को आकर्षक विद्युत झालर से सुसज्जित किया गया एवं भगवान मोतीनाथ जी का विशेष श्रृंगार किया गया। गोधूलि बेला में सर्वप्रथम भगवान गणपति पूजन श्री राम दरबार की पूजा अर्चन एवं सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ श्री राम भगवान की स्तुति एवं जय जय राम राजा राम नाम का संकीर्तन करते हुए बाजे गाजे एवं आतिशबाजी के साथ महाआरती की गई। पूरे मंदिर परिसर में दीप मलिका सजाई गई। इस अद्भुत पल को चिरस्थाई एवं अविस्मरणीय बनाने के लिए राजनांदगांव खंडेलवाल समाज आतुर रहा प्रभु श्री रामलला का पूजन अर्चन खंडेलवाल वैश्य समाज के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम खंडेलवाल एवं खंडेलवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष राजेश खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सरला खंडेलवाल साथ खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष शरद खंडेलवाल ने की।

समाज के वरिष्ठ हरिशंकर खंडेलवाल ने अपनी ओजस्वी वाणी से जय जय राम एवं अन्य भजनों का संकीर्तन करते हुए उपस्थित जनों को मंत्र मुग्ध कर दिया, कीर्तन करते हुए कुछ क्षण ऐसा लगा कि प्रभु श्री राम बाल रूप की मनमोहक छवि में साक्षात उपस्थित होकर दर्शन दे रहे हैं। तत्पश्चात महाआरती कर महाप्रसाद का वितरण किया गया। सभी ने प्रभु श्री राम लला को दंडवत होकर नमन किया। सभी ने मिलकर भव्य आतिशबाजी कर महादिवाली महोत्सव की एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर खंडेलवाल समाज के देवीशरण खंडेलवाल, राजेंद्र खंडेलवाल, अरुण खंडेलवाल, जुगल किशोर खंडेलवाल, महेश खंडेलवाल, प्रमोद खंडेलवाल एवं महिला मंडल से अनीता खंडेलवाल, संगीता खंडेलवाल, उमा खंडेलवाल एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रही खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के सह सचिव अतुल खंडेलवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य अनुराग खंडेलवाल, सौरभ खंडेलवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी अंकित खंडेलवाल एवं अर्पण खंडेलवाल कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश खंडेलवाल, अखिलेश खंडेलवाल, अंकेश खंडेलवाल, सौरभ खंडेलवाल आदि युवा वह अन्य समाज बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्री राम हर्ष महोत्सव को दिव्य भव्य ऐतिहासिक बनाने के लिए खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के निष्ठावान स्वयंसेवक राहुल खंडेलवाल, परिवेश खंडेलवाल, कुशल खंडेलवाल, प्रियांशु खंडेलवाल ने पूरे आयोजन की तैयारी कर श्री राम प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर सेवा करते हुए आयोजन को दिव्य भव्य आकर्षक बना दिया। उपरोक्त जानकारी खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के प्रचार-प्रसार प्रभारी अर्पण खंडेलवाल एवं अंकित खंडेलवाल ने दी।

## संभागायुक्त दुर्ग ने शासकीय मेडिकल कालेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



राजनांदगांव (दावा)। संभागायुक्त दुर्ग संभाग सत्यनारायण राठौर आज भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडिकल कालेज पेण्ड्री राजनांदगांव का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री अमित कुमार, डीन शासकीय मेडिकल कॉलेज डॉ. रेणुका गहिने उपस्थित रहे। संभागायुक्त दुर्ग संभाग श्री राठौर ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध मिलना चाहिए। शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिलना चाहिए। संभागायुक्त श्री राठौर ने फिजियोथेरेपी विभाग, अस्थि रोग विभाग, ओपीडी और कॉलेज कैम्पस का अवलोकन किया। उन्होंने ओपीडी का अवलोकन कर प्रतिदिन आने वाले ओपीडी और आईपीडी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज बहुत अच्छा बना है। यहां इन्फ्रास्टक्चर बना है, इसका सही तरीके से उपयोग करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटल की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, अधीक्षक शासकीय मेडिकल कॉलेज प्रदीप बेक सहित चिकित्सक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध धान विक्रय एवं परिवहन पर की जा रही लगातार कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान विक्रय एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम अरूण वर्मा एवं तहसीलदार मनीष वर्मा द्वारा अवैध धान विक्रय एवं परिवहन पर छापामार कार्रवाई की गई।



**0 आज भव्य हनुमान चालीसा पाठ आयोजन**

**0 तीन दिवसीय आयोजन में उमड़ेगी समाजसेवी महिलाएं**

एसडीएम श्री वर्मा ने बताया कि मंडी परिसर में विचारपुर जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी समिति से आया ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 08 एटी 2711 रास्ता भटक गया था। जिसमें 1 हजार बोरा धान जप्त किया गया था। लेकिन शासकीय धान की सूचना मिलने पर उसे संबंधित संग्रहण केन्द्र भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है।

एसडीएम श्री वर्मा ने बताया कि कोचिये द्वारा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-08/एएक्स 3703 में 18 कट्टा धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था। जिसके चालक द्वारा दस्तावेज पेश नहीं किए जाने के कारण उक्त धान सहित वाहन जप्त करने की कार्रवाई की गई। धान खरीदी मंडी परिसर में आकस्मिक दबिश दी गई, जहां 2888 बोरे धान जिसमें समिति का नाम उल्लेखित था एवं धान भरा था। जब्त करने की कार्रवाई की गई। आगे जांच की कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने अवैध रूप से धान खरीदी एवं बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कोचिये एवं बिचौलियों द्वारा अन्य राज्यों से धान के अवैध परिवहन एवं बिक्री को रोकने के निर्देश दिए हैं।

## करोड़ों देशवासियों की सौगंध एवं आशाएं पूर्ण हुई –सुनील बाजपेई



राजनांदगांव (दावा)। कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव द्वारा राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र में राम शिला पूजन, कार सेवा तथा मंदिर निर्माण में सक्रिय भूमिका निर्वहन करने वाले सुनील बाजपेई का सम्मान किया गया। मानस भवन में कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव द्वारा आयोजित हनुमान चालीसा का विधिवत पठन किया गया।

**कान्यकुब्ज सभा ने राजनांदगॉव के कारसेवक पं. सुनील बाजपेयी का सम्मान किया**

आरती एवं प्रसाद वितरण के पश्चात श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में रामशिला पूजन, कार सेवा एवं मंदिर निर्माण में सक्रिय भूमिका निर्वहन करने वाले सुनील बाजपेई का सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में सुनील बाजपेई ने सन 1992 में राम जन्म भूमि में कार सेवा करने हेतु अयोध्या पहुंच गए थे। उन्होंने वहां के अनुभव एवं संस्मरण से सभा को अवगत करते हुए कहा कि आज करोड़ों देशवासियों की सौगंध एवं आशाएं पूर्ण हुई। उन्होंने इस विजय के जश्न को विवेक से मनाने का आवाहन किया तथा देशवासियों के न्याय एवं सत्य के प्रति निष्ठा, धैर्य एवं राष्ट्रवादिता की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की।

कार्यक्रम में प्रोफेसर आर.पी.दीक्षित, करूणाशंकर तिवारी, प्रदीप मिश्रा, वी.डी. तिवारी, जगदीश प्रसाद मिश्र, सुरेंद्र दुबे, अजय शुक्ला, मुकेश चंद्र तिवारी, लक्ष्मी शंकर तिवारी, निर्मल शुक्ला, विकास शुक्ला, भूपेंद्र बाजपेई, शैलेश शुक्ला, शैलेंद्र वाजपेई, मदन मोहन मिश्रा, संदीप बाजपेई, श्रीमती किरण दीक्षित, श्रीमती विनिता मिश्रा, श्रीमती कविता दुबे एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन अखिलेश तिवारी ने किया।

## अनमोल दावा

> "स्वयं को पहचानना ही मनुष्य के सीखने की सर्वोत्तम कला मानी गई है।

## सम्पादकीय

# राम मंदिर निर्माण से भाजपा को लाभ मिलने की संभावना

पूरा देश राममय हो गया है। कई लोग सरेआम ''जय श्री राम'' की गूंज करते हैं। श्री राम के भजन गाते हैं। कई ऐसे भी है जो राजनैतिक दृष्टिकोण रख परदे के पीछे अपनी राम भक्ति करते है। कईयों का यह भी कहना है कि अयोध्या, ''राम मंदिर'' भाजपा और आरएसएस का एजेन्डा हैं। इस कारण ही हम बुलावा आने पर भी प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में नहीं गए। बहरहाल यह कि सभी अपने-अपने ''वोटबैंक'' को ध्यान में रख राजनीति कर रहे हैं। शायद इसी कारण कई नेताओं ने आमंत्रण को अस्वीकार किया है।

केजरीवाल सतत् हिन्दुत्व के प्रति नरम रवैया रखे हुवे हैं। स्मरणीय है कि गुजरात विधानसभा के समय केजरीवाल ने करैन्सी नोटों में गणेश जी और लक्ष्मी जी की फोटो लगाने की मांग की थी। इसमें कोई शक नहीं है कि भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है। पूर्व में भी अडवानी जी की रथयात्रा व बाबरी मस्जिद ध्वस्त दौरान भी भाजपा को राजनैतिक फायदा हुआ था। वह चुनाव में दो सीट से 80 सीटों तक पहुंच गई थी। भाजपा ने जनभावनाओं को बेहतर समझा है इसीलिए उसका सम्मान करते हुवे ही अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण लोकसभा चुनाव के पहले श्री राम को विराजित कर दुग्धाभिषेक किया।

उल्लेखनीय कि ''राम'' न केवल देश में अपितु विदेश में भी मर्यादा पुरूषोत्तम ईश्वर के नाम से जाने जाते हैं। भाजपा चुनाव में राम मंदिर का मुद्दा भुनाएगी। वह कहेगी उसने राम मंदिर निर्माण के लिए अनथक संघर्ष किया है। भाजपा के कई नेताओं ने इसके लिए बलिदान दिया है। यह श्री राम जन्म ट्रस्ट का कार्यक्रम है। जो सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सरकार के द्वारा ही इसका निर्माण किया गया है। सब कुछ नियमों के अनुसार ही हुआ है। ऐसे हालात में इस पर कोई राजनीति नहीं होना चाहिए। होना तो यह चाहिए था कि सभी राजनैतिक दलों को इसके लिए योगदान देना चाहिए था।

श्री राम मंदिर का लोकार्पण, प्राण प्रतिष्ठा ने पूरे देश में धर्म भावना को जागृत किया है। धार्मिक वातावरण निर्मित हुआ है। इसलिए स्वाभाविक है कि शासक पक्ष इसका राजनैतिक लाभ उठाने का पूरा प्रयत्न करेगी। विपक्षी दलों के द्वारा जो इसका विरोध किया गया है, उसे भी लोगों ने समझा है। फलश्रुति यह कि विपक्ष को आगामी चुनाव में विपक्ष को नुकसान होने की संभावना है। राजनीति तो होनी यह चाहिए थी कि विपक्ष को भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उपस्थित होना था और जनभावनाओं का सम्मान करना था। बाकी तो भविष्य के गर्भ में चुनाव परिणाम हैं।

# राम मंदिर का मुद्दा क्या नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता दिलाएगा?

**मयूरेश कोण्णूर**

अयोध्या मामले में सुनवाई के बाद 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने फ़ैसला दिया था कि बाबरी मस्जिद की विवादित ज़मीन को एक ट्रस्ट को सौंप दिया जाए, जो वहाँ पर एक मंदिर का निर्माण कराएगी.इसके साथ ही कोर्ट के आदेश पर उत्तर प्रदेश सेंट्रल सुन्नी वक़्फ़ बोर्ड को मस्जिद के निर्माण के लिए पाँच एकड़ की ज़मीन आबंटित की गई है.अब अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो गया है और सोमवार 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी है.एक तरफ़ चर्चा इस बात की चल रही है कि कैसे लोकसभा चुनाव से पहले जान बूझ कर राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तारीख़ घोषित की गई, वह भी तब, जब मंदिर का निर्माण अभी भी अधूरा है.

विपक्ष ने समारोह के आमंत्रण को अस्वीकार कर दिया. यहाँ तक ??कि शंकराचार्यों ने भी इस कार्यक्रम में शामिल न होने का फ़ैसला किया. उनके इस क़दम से एक और हलचल पैदा हो गई.

वहीं, दूसरी ओर भाजपा, आरएसएस और उससे जुड़े दलों और संगठनों ने प्रत्येक घर में अक्षत वितरित कर और कलश यात्राएं निकाल कर पूरे देश में धार्मिक माहौल बनाया. देश के कोने-कोने में भगवा रंग से सराबोर धार्मिक माहौल नज़र आ रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस शो का नेतृत्व कर रहे हैं. वह इतने बड़े पैमाने पर होने वाले किसी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले पहले प्रधानमंत्री होंगे.ऐसे में इस आयोजन में अंतर्निहित राजनीतिक उद्देश्य से कौन इनकार कर सकता है?

आज का अयोध्या कांड कभी भी केवल धार्मिक नहीं रहा. इसमें हमेशा से राजनीति शामिल रही है.राम मंदिर आंदोलन न केवल हिंदुत्व और बहुसंख्यकवाद को मुख्यधारा में लेकर आया, बल्कि भारतीय राजनीति की प्रकृति को भी बदल दिया. मंदिर का मुद्दा जैसे ही राजनीति में आया, इसका असर हर अगले चुनाव पर पड़ा. ऐसा लगता है कि इसका असर इस बार के चुनाव पर भी पड़ेगा.

क्या अगले कुछ महीनों में होने वाले लोकसभा चुनाव में मंदिर सबसे बड़ा मुद्दा होगा? भाजपा ने पिछले तीन दशक में इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ लिया है, तो क्या वह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार बहुमत लाएगी. पिछले तीन दशक का राजनीतिक इतिहास बताता है कि राम मंदिर मुद्दे से बीजेपी को चुनाव में मिलने वाली सीटों के लिहाज से फ़ायदा हुआ है. भाजपा का वोट बेस धीरे-धीरे बढ़ता गया है. भाजपा जो कभी दो सांसदों तक सीमित थी, उसने पहले लोकसभा में सौ के आंकड़े को छूआ और जल्द ही पूर्ण बहुमत की सरकार बना ली.चुनाव विश्लेषक और लोकनीति-सीएसडीएस के निदेशक संजय कुमार 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में हिंदू वोटों के बीच सर्वेक्षणों के आंकड़ों की ओर ध्यान दिलाते हैं. वो कहते हैं कि ज़्यादातर लोग धार्मिक आस्था रखते हैं. वो मंदिरों ने नियमित रूप से जाते हैं, उन लोगों ने भाजपा को वोट दिया. यह मतदान प्रतिशत में महत्वपूर्ण है.



संजय कुमार बताते हैं कि रोज़ाना मंदिर जाने वाले धार्मिक लोगों में से 51 फीसद ने 2019 में बीजेपी को वोट दिया. क़रीब इतना ही फ़ीसद 2014 में भी था. लेकिन जो लोग बहुत ज़्यादा धार्मिक नहीं हैं और रोज़ाना मंदिर नहीं जाते, उनमें से 32 फ़ीसदी ने बीजेपी को वोट दिया. इसका मतलब है कि धार्मिक लोगों का झुकाव बीजेपी की ओर है.

इसलिए राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौक़े पर जिस तरह का धार्मिक माहौल बना है, उससे यह संभावना है कि राम मंदिर में रुचि रखने वाले निष्ठावान लोगों के वोट बीजेपी को मिलें.

भाजपा 1980 के दशक में राम मंदिर मुद्दे के ज़ोर पकड़ने के साथ ही इन मतदाताओं का समर्थन तेज़ी से हासिल करती आई है.कुमार कहते हैं, 2014 में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उस समय की %यूपीए% सरकार के ख़िलाफ़ गुस्से, 2019 में पुलवामा-बालाकोट की घटनाओं के बाद बने माहौल के बाद भी मतदाताओं पर धार्मिक मुद्दों का प्रभाव कम नहीं हुआ है.

उनका मानना ??है कि इस बार के चुनाव में भी ऐसा ही होने की संभावना है. वो कहते हैं, ÷मुझे लगता है कि 2024 का चुनाव हिंदुत्व के मुद्दे पर लड़ा जाएगा और राम मंदिर सबसे आगे रहेगा. मुझे यक़ीन है कि कम से कम उत्तर भारत के मतदाता राम मंदिर के निर्माण के लिए बीजेपी को वोट देंगे.÷

बीजेपी के नेता लगातार कहते रहे हैं कि राम मंदिर का कार्यक्रम पूरी तरह से धर्म और आस्था से जुड़ा मामला है और इसमें कोई राजनीति नहीं है. इसके बाद भी जब जनता की भावनाएं इस पैमाने पर प्रभावित होंगी तो उसका असर उनकी राय पर भी दिखेगा.महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष माधव भंडारी कहते हैं, जब इस तरह का कोई बड़ा आंदोलन होता है, जो देश के कोने-कोने में पहुंच जाता है, तो जनमत एक दिशा में जाने लगता है. इसका किसी न किसी तरह से प्रभाव पड़ेगा और आपको वह परिणाम ज़रूर नज़र आएगा.÷अयोध्या में राम मंदिर बनाने और राम जन्मभूमि आंदोलन में भाग लेने का वादा कर भाजपा ने इस मुद्दे को सालों तक ज़िंदा रखा.

भाजपा भले ही मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के ज़रिए उन्हीं परिणामों को दोहराने का इरादा रखती है, इतिहास हमें यह भी बताता है कि कुछ धारणाएं, जैसी सतह पर दिखाई देती हैं, वो चुनाव क्षेत्र में बदल जाती हैं.

वरिष्ठ पत्रकार रामदत्त त्रिपाठी कहते हैं,%%यहां तक ??कि जब बाबरी मस्जिद को ध्वस्त किया गया था, तब भी हर जगह यह धारणा थी कि हिंदुत्व हर जगह हावी होगा और भाजपा हर जगह चुनाव जीतेगी. लेकिन उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह और कांशीराम एकसाथ आए और बीजेपी हार गई. वो बाद के कुछ चुनावों में भी सरकार नहीं बना सकी. लोकसत्ता के संपादक गिरीश कुबेर कहते हैं, %%बीजेपी को जो बहुमत मिलने वाला था, राम मंदिर के प्रभाव से उसमें अधिकतम 10-20 सीटें बढ़ जाएंगी. ऐसा नहीं है कि राम मंदिर ही बीजेपी के दोबारा सत्ता में आने का एकमात्र कारण हो, अन्यथा यह मुश्किल होगा. आप एक ही प्रोडक्ट को बार-बार नहीं बेच सकते हैं. लोगों ने राम मंदिर के विचार को स्वीकार किया. यह अब तैयार है. इसका अनुमान सभी को पहले से ही था. इसलिए बीजेपी को इसका कोई ख़ास फ़ायदा नहीं मिलेगा. लेकिन राम मंदिर को लेकर बने भावनात्मक माहौल का वे फ़ायदा ज़रूर उठाएंगे. यही राजनीति है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 48 : श्री राम के सामने मारीच की राक्षसी माया हो गई निष्प्रभावी

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



थोड़ी ही देर में बिना वर्षा ऋतु के आसमान में बादलों की घटा छा गई, लेकिन ये बादल जल वाले नहीं थे। जैसे एक गहरी कालिमा धीरे-धीरे पूरे आकाश को ढंकने लगी और आश्रम क्षेत्र के सभी प्राणी विकल हो उठे।

यज्ञ प्रारंभ हो चुका था और मुनियों के वेद मंत्रों के उच्चारण के मध्य महर्षि विश्वामित्र विभिन्न अनुष्ठानों को संपन्न करवा रहे थे। राम और लक्ष्मण पहले से ही सजग थे। उन्होंने अपने-अपने धनुष बाण संभाल लिए। आकाश में जोरों की आवाज हुई और विचित्र से दिखाई देने वाले डरावने राक्षसों ने आकाश में अट्टहास किया। अगले ही क्षण राक्षसों ने यज्ञवेदी और आसपास की भूमि पर हड्डियों और रक्त की वर्षा शुरु कर दी। श्री राम ने आश्वस्त किया था कि किसी भी स्थिति में यज्ञ को रोकने की स्थिति नहीं आएगी। इस बार समस्त मुनिजन अपने स्थान पर अविचल और निर्भीक थे। राम और लक्ष्मण ने अपने तूणीर से एक-एक बाण निकाले और यज्ञवेदी से लगभग दो से तीन धनुष की ऊंचाई पर उन्हें छोड़ दिया।भूमि को स्पर्श करने से पूर्व ही हड्डियां और रक्तबूंदें जैसे एक अदृश्य पटल से जाकर टकराने लगीं। वहां धुआं सा उठने लगा और यज्ञ को दूषित करने वाली सभी वस्तुएं अदृश्य हो गईं।यह देखकर आसमान में विशाल मुखाकृति वाला मारीच गरज उठा।

''ऋषि! क्या यह तुम्हें ज्ञात नहीं है कि मारीच और सुबाहु को चुनौती देने का क्या परिणाम होता है? मेरे आक्रमण को निष्फल करने की चेष्टा किसने की?''

अगले ही पल सुबाहु चिल्ला उठा, ''कहां हैं वे दोनों बाल योद्धा? वे तो योद्धा नहीं बल्कि छली और मायावी प्रतीत होते हैं। वे सामने क्यों नहीं आते हैं?''

आसमान से होती बड़े-बड़े पत्थरों की वर्षा को अपने पैने बाणों से चूर-चूर करते हुए श्री राम अपनी ओजपूर्ण वाणी में गरज उठे, ''हम यहीं हैं भीरू मायावी असुरों। भ्रमजाल और दुष्टता का सहारा लेने वाले कायर योद्धाओं को हमारे जैसे यथार्थ योद्धा दिखाई भी नहीं देंगे। अभी भी समय है, यहां से लौट जाओ।''

मारीच पर श्री राम की इस चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ। उसने श्री राम का प्रतिवाद किया, ''मैंने तो सोचा था कि ऋषि अयोध्या की कोई बड़ी सैन्य टुकड़ी लाए होंगे लेकिन यहां तो मुकाबला बराबरी का नहीं रहेगा। फिर भी अगर तुम्हारी यही इच्छा है, तो यही सही।''

कुछ दुष्ट राक्षस आश्रम क्षेत्र की भूमि में आकाश से धरती पर उतरने लगे थे और लक्ष्मण जी तत्काल अपने तीक्ष्ण बाणों से उनका संहार कर रहे थे। श्री राम ने अपने धनुष पर मानवास्त्र शीतेषु का संधान किया। इस दिव्य अस्त्र के प्रहार से मारीच अचेत-सा हो गया और चक्कर काटता हुआ सौ योजन दूर समुद्र के जल में जा गिरा। इससे समुद्र में बड़े जोर की लहरें उठीं।


(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है।श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है, लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों-युगों तक इसकी उपयोगिता है।श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं। इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

## शब्द सामर्थ्य -314

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीड़ा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. पायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 313 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ड़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| ब | ■ | ल्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू- दोकू क्र.314

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.313 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |



## कविता

### //आत्मग्लानि//

अरे! तुम लोगों की हिम्मत कैसे हुई घर के अंदर आने की? पता नहीं कहाँ-कहाँ से लोग आ जाते हैं। कपड़ा देखो कितना गंदा है; बदबू भी आ रही है। विभा घर के सामने खड़े हुए भिखारी पर भड़क उठी। इतना क्रोध देख ऐसा लग रहा था मानो ज्वालामुखी इनके ही अंदर से निकलती हो। साफ-सफाई की एकदम पक्की, किसी भी सामान को छूने से पहले और छूने के बाद हाथ को अच्छी तरह से रगड़-रगड़ कर धोना आदत सी हो गई थी। विभा को देख घर में रखे वाशिंग पाउडर भी सर झुका लेते थे। किसी भिखारी और कबाड़ी वाले का विभा के साथ छत्तीस का आंकड़ा था। उनके घर के सामने से चले जाते तो सड़क में पाइप से पानी डाल देती थी। थोड़ी देर बाद फिर एक छोटी बच्ची सुषमा हाथ में कटोरा लिए बोली माई....वो माई... एक-दो रोटी दे देना, मैं और भाई दोनों भूखे हैं कल रात से कुछ नहीं मिला। विभा रोटी फेंक कर देती है, जैसे किसी जानवर को रोटी खिला रही हो। सुषमा और उसका भाई चिंटू को बहुत बुरा लगा उनके साथ तो जानवरों से भी ज्यादा दुर्व्यवहार किया जा रहा है। सुषमा से रहा नहीं गया वो बोल पड़ी। रहने दो माई; हमको नहीं चाहिए आपकी ये फेंकी हुई रोटी। हम कोई सड़क के घूमते हुए कुत्ते थोड़ी ना हैं जो फेंक कर दे रही हो। हम भी तो इंसान हैं....। चल भाई हम कहीं दूसरी जगह से मांग कर खा लेंगे। विभा बोली हाँ....हाँ? जाओ...जाओ। आजकल भिखारी के भाव कितने बढ़े हुए हैं;मुंह टेढ़ा कर जोर से दरवाजा बन्द कर दी।

अगले ही दिन विभा ऑफिस जा रही थी। अचानक विभा की गाड़ी दूसरी गाड़ी के साथ टक्कर हो गई और वह नाली में गिर गई। विभा के पैर कीचड़ में फँस गए। वह निकाल नहीं पा रही थी। सुषमा और उसका भाई चिंटू जाते हुए विभा के पास मदद के लिए दौड़ पड़े वे दोनों नहीं जानते थे की विभा हैं। दोनों हाथ बढ़ाने ही वाले थे अचानक विभा का चेहरा सामने आ गया। दोनों रुक गए। विभा रूवासे स्वर में कहा, रुक क्यों गए मेरी मदद करो। नहीं.... नहीं....माई हम आपको छू देंगे तो आप अशुद्ध हो जायेंगे, जब हम घर के बाहर खड़े हुए थे तब आप पूरे चौराहे को शैम्पू से धो दिए अब आपको हाथ लगायेंगे तो आप पता नहीं कितनी बार गंगाजल से स्नान करेंगे। विभा को आत्मग्लानि होने लगी।



प्रिया देवांगन ''प्रियू''
राजिम जिला - गरियाबंद

## कविता

### सुवा-गीत

तरी हरि नानी, मोर नहा नरी नाना।
रे सुवा हो, तरी हरि नहा नरी नाना।
रे सुवा हो...........
भारत माता ल बौंन्दो, पदुम पंईया लागौ।
नरे सुवा हो।
आजादी के बौन्दो बलिदान, नरे सुवा हो
कहवा ले आथे ये बईरी कोरोना, नरे सुवा हो।
कहवा ले आथे बारूद बम, नरे सुवा हो।
चीन ले आथे ये बईरी कोरोना, नरे सुवाा हो
पाक ले आथे बारूद बम, नरे सुवा हो
भारत महतारी के अड़बड़ लईका, नरे सुवा हो,
दुनो ल देबोन निपटाय, नरे सुवा हो
दुनो ल देबोन निपटाय।
विश्व गुरू बनही देश हमर, नरे सुवा हो,
दुनिया मजस बगराय, नरे सुवा हो,
दुनिया मजस बगराय।
तरे हरि नानी, मोर नहा नरी नाना,
रे सुवा हो, तरी हरि नहा नारी नाना।



आनंदराम सार्वा कु.बो. भाठागांव

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। ऑफिस का कोई महत्वपूर्ण कार्य करने में आज बिजी रहेंगे।

**वृषभ** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आयेंगे।

**मिथुन** — आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी।

**कर्क** — आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपनी किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे जिसमे आपको सेलेक्ट कर लिया जायेगा। कोई नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे जिससे आपका बिजनेस अच्छे से चले। पुस्तकालय के कारोबारी नयी ब्रांच खोलने का मन बना सकते हैं।

**सिंह** — आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। धार्मिक कार्यों में आज आप धन खर्च करेंगे। साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

**कन्या** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज उनके प्रति लागाव बढ़ेगा। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी।

**तुला** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है आज जीवनसाथी को उनके मनपसंद चीजों की शॉपिंग करा सकते हैं। संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। माता-पिता आज बच्चों का पूरा सहयोग भी करेंगे। ऑफिस में किसी पर निर्भर होकर काम न करें। अपनी इच्छा शक्ति के साथ अपनी भावनाओं में भी सुधार लाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप कोई नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं। साथ ही बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के डांस में रूचि लेने वाले लोगों को ऊंचाइयों तक पहुंचने का जल्द मौका मिलेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें, वरना आपको उलझन होगी और सेहत पर असर पड़ सकता है।

**धनु** — आज के दिन आप महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोंचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब के लोगों को आज प्रमोशन से जुडी अच्छी खबर मिल सकती है।

**मकर** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। प्रतियोगी परिक्षा के छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द ही अच्छे परिणाम हासिल होंगे। ऑफिस में फोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि ख़राब हो सकती है। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या को किसी अच्छे डॉक्टर से चेक कराएंगे। बेवजह की भागदौड़ से आपको थकावट महसूस होगी।

**कुंभ** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज आपको सुखद परिवर्तन नजर आएंगे। तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे आप आगे बढ़ पायेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। आपकी सभी उलझने आज समाप्त होंगी। कपड़ा व्यापारियों को आज उनकी मेहनत के उपरांत लाभ मिलेगा।

**मीन** — आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा आर्डर आपको मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपकी पारिवारिक स्थितियां पहले से अनुकूल बनेंगी। आज बेटे का कोई रिजल्ट आ सकता है, रिजल्ट आपके पक्ष में होगा।

# एटीएम मशीन को तोड़फोड़ कर रूपये चुराने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह पकड़ाया

बालोद (दावा)। पुलिस अधीक्षक बालोद डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक के मार्गदर्शन पर व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही श्रीमति गीता वाधवानी के पर्यवेक्षण में थाना अर्जुन्दा क्षेत्र में हुए एसबीआई एमटीएम मशीन तोड़फोड़ व ग्राम कुरदी में हुए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के एमटीएम मशीन में हुए तोड़फोड़ के अज्ञात आरोपियों के पतासाजी हेतु थाना अर्जुन्दा एवं सायबर सेल टीम को निर्देशित किया गया था। घटना का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 04 व 05 जनवरी की दरम्यिानी रात्रि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के एमटीएम मशीन को अज्ञात आरोपियों द्वारा तोड़फोड़ कर मशीन में रखे रकम को चोरी करने का प्रयास किया गया था। जिस पर थाना अर्जुन्दा में अपराध क्रमांक 02/2024, धारा 457, 380, 427, 511 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के द्वारा अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना अर्जुन्दा एवं साइबर सेल से विशेष टीम गठित किया गया था।



○ थाना अर्जुन्दा क्षेत्र के दाऊपारा में स्थित एसबीआई एटीएम मशीन व ग्राम कुरदी के जिला सहकारी बैंक के एटीएम मशीन को आरोपियों द्वारा तोड़फोड़ कर रूपये चुराने का किये थे प्रयास

○ सैंकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद में मिला था आरोपियों का सुराग

टीम द्वारा ग्राम कुरदी के एटीएम के आसपास जाकर घटना स्थल का बारीकी से जांच कर एटीएम में लगे सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किया गया। जिसमें आरोपियों द्वारा एटीएम में अपने चेहरे को गम्छे से बांध कर आए थे जिससे उन लोगो का चेहरा स्पष्ट नहीं दिख रहा था। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर एवं घटना स्थल से आने जाने वाले रास्ते के सभी सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर उसका बारीकी से विषेलषण कर टीम द्वारा लगातार अज्ञात आरोपियों के संबध में जानकारी प्राप्त कर प्रकरण के अज्ञात आरोपियों सूरज कुमार देशमुख पिता राजू देशमुख उम्र 22 वर्ष पता बर्मा मेस भक्तिनगर मोना रोड जमशेदपुर (झारखण्ड), भूपेंद्र कुमार देशमुख पिता रिखीराम देशमुख उम्र 26 वर्ष पता भाटापारा थनौद थाना पुलगांव जिला दुर्ग, संजय कुमार ठाकुर पिता रामसिंह ठाकुर उम्र 24 वर्ष पता भाटापारा थनौद थाना पुलगांव जिला दुर्ग, विकास साहू पिता सुरेद्र साहू उम्र 22 वर्ष पता अंजोरा कबीर चौक थाना सोमनी जिला राजनांदगांव को थनौद जिला दुर्ग व जिला धमतरी से गिरफ्तार कर आरोपियों से पूछताछ करने पर वह अपने कथन में बताया कि सूरज कुमार देशमुख झारखण्ड से आकर पैसे मिलेंगे कहकर अपने 03 साथियों के साथ योजना बना कर अर्जुन्दा दाउपारा एसबीआई एटीएम व ग्राम कुरदी एटीएम मशीन तोड़फोड़ कर रुपए चोरी करने का प्रयास करना बताया है। आरोपियों के कब्जे से दो नग मोटर सायकल, हथौड़ी, पेचकस, पेंचिश, बरामद किया गया है, सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

उक्त प्रकरण में आरोपियों के पतासाजी व गिरफ्तारी में सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक जोगेन्द्र साहू, थाना प्रभारी अर्जुन्दा उपनिरीक्षक मनीष शेन्डे, प्रधान आरक्षक भुनेष्वर मरकाम, विवेक शाही, आरक्षक पूरन देवांगन, संदीप यादव, विपिन गुप्ता, आकाश दुबे, आकाश सोनी, राहुल मनहरे, मिथलेश यादव एवं थाना अर्जुन्दा से आरक्षक भूपत की सराहनीय भूमिका रही है।

# कृषि योग्य मवेशियों को महाराष्ट्र कत्लखाना ले जाने वाले पशु तस्कर मोहगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रुरता अधिनियम के तहत किया गया अपराध पंजीबद्ध**



गंडई पंडरिया (दावा)। 22 जनवरी को मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि ग्राम जंगलपुर घाट के जंगल रास्ते से चार व्यक्ति 30-40 कृषि योग्य एवं दुधारू जानवरों को हांकते और मरते पीटते हुए महाराष्ट्र के कत्ल खाना में बेचने के लिए ले जा रहे हैं उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पांडे एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गंडई प्रशांत खांडे के निर्देशन में थाना प्रभारी मोहगांव निरीक्षक धर्मेंद्र वैष्णव के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित कर उक्त आरोपियों की घेराबंदी किया गया जो जंगलपुर घाट के जंगल रास्ते में चार व्यक्ति लगभग 30 से 40 गाय, बैल एवं बछड़ों को हांकते एवं मारते-पीटते ले जा रहे थे जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो पहले पुलिस को गुमराह करते रहे किंतु सभी आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर सभी ने उक्त मवेशियों को जंगल के रास्ते से महाराष्ट्र के कत्ल खाना में ले जाकर बिक्री करना बताये। आरोपी पोषण जंघेल पिता पंचु जंघेल उम्र 35 वर्ष निवासी जंगलपुरघाट थाना मोहगांव जिला केसीजी, मानदास सतनामी पिता सुमेरी उम्र 50 वर्ष निवासी ठंढार थाना गण्डई जिला केसीजी, छबी यादव पिता सुखीराम यादव उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम गर्रा थाना मोहगांव जिला केसीजी, नेहरु नेताम पिता माखन नेताम उम्र 40 वर्ष निवासी तेंदूभाठा थाना बकरकट्टा जिला केसीजी के कब्जे से 42 नग मवेशियो किमती करीबन 96000 रुपये को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 एवं पशु क्रुरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# पहला कॉलम...

## हरडुवा में रामायण प्रतियोगिता सम्पन्न

राजनांदगाँव (दावा)। हरडुवा में दो दिवसीय रामायण गान प्रतियोगिता 21 जनवरी रविवार को समापन समरोह जिसमें मुख्य अतिथि राजनांदगाँव जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर महामंत्री भाजपा घुमका मंडल परदेसी सोनबोईर द्वारा सम्पन्न हुआ। साथ में भाजपा कार्यकर्ता अश्वनी जंघेल, रोहित वर्मा, तोषण सिन्हा, रूखम वर्मा, माधो वर्मा, खोया वर्मा एवं नव सृजन युग मंच के कार्यकर्तागण इंप्रेश साहू, अश्वनी जंघेल, राजेन्द्र सेठिया, रूखम वर्मा, गंगेश्वर वर्मा, मिनेश्वर सेन, डॉ. ऋषि वर्मा, मुकेश शान, तोषण सिन्हा, राजेश सेवक वर्मा, विमल वर्मा, गोवर्धन सेन, कमलेश यादव, खेमु मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों ने अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया। रोहित वर्मा द्वारा पुरूस्कार प्राप्त करने वाली प्रतियोगिता मंडलियों की जानकारी इस प्रकार दी गई। पुरूष वर्ग प्रथम स्थान- पुरूष नवनीत मानस मंडली नंदिनी नगर अलिवारा, संगीत मा.मं. निपानी पाटन, जय माँ सरस्वती मा.मं. आरला सुरगी, श्री भूयस मा.मं. अरसनारा पाटन, श्री शैल सिंधु मानस परिवार परसाही पाटन, हरि ऊँ सत्यम आजाद मा.मं. कोलर अभनपुर, नव निपेष मा.-मं., शिवनगर रायपुर, मोंगरा (कुरूद), खिसोरा (राजीव), महिला- कोडेवा (सिकोसा) भनौद रायपुर, कचना धमतरी, 4-खम्हरिया धमतरी रहे।

## खैरा में कल रामकथा महोत्सव

राजनांदगाँव(दावा)। सुकुलदैहान में समीपस्थ ग्राम खैरा में सिन्हा परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा 26 जनवरी को श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन में अंचल के ख्याति प्राप्त मानस श्रेता चन्द्राकर, राम राजेन्द्रा साहू एवं सुरेन्द्र दुबे के द्वारा व्याख्यान देंगे। साथ में अपने सुमधुर मानस भजन से भाव-विभोर करेंगे। पन्नू बैरागी, दीपक सिन्हा ने समस्त रामकथा प्रेमी सज्जनों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रामकथा श्रवण करने की अपील की है।

## आज टेड़ेसरा में मंडई

राजनांदगांव(दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम टेड़ेसरा में 25 जनवरी दिन गुरुवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था लोक रंजनी दैहान बांधा बाजार छुरियां का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम टेड़ेसरा के सरपंच श्रीमती दानी साहू एवं उपसरपंच देवलाल साहू ने समस्त ग्राम वासियों सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मंडई कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## खपरी मंडई 26 को

जोंधरा (दावा)। डौण्डी लोहारा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम गणेश खपरी की मंडई का आयोजन दिनांक 26 जनवरी दिन शुक्रवार को समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में आयोजित है इस अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच होच्चे टोला वालो का कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया है । उक्ताशय की जानकारी लल्लाराम कन्नौजे ने दी एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील की है ।

## अवैध शराब बिक्री करते हुए आरोपी गिरफ्तार

**बागनदी में 21 पौवा महाराष्ट्र निर्मित शराब जप्त**

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़



आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे अवैध नशीले पदार्थ के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत दिनांक 21 जनवरी को ग्राम बागनदी राजा ढाबा के सामने नेशनल हाईवे रोड किनारे शराब बिक्री कर रहा है की सूचना पर शराब रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी दीपक सहारे के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में रखे 21 पौवा देशी दारू संत्री महाराष्ट्र निर्मित शराब प्रत्येक पौवा में 180 एमएल भरी हुई कुल 03 लीटर 780 मि.ली. प्रत्येक पौवा की कीमत 70 रूपये कुल शराब की कीमत 1470 रुपए एवं बिक्री रकम 280 रूपये जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 (1) के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक राजेश परिहार व अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर 60 यूनिट रक्तदान

गैंदाटोला (दावा)। अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी के भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन अवसर पर श्रीराम के नाम रक्तदान शिविर का आयोजन यूनुस ब्लड ग्रुप द्वारा 60 यूनिट रक्त समर्पण मेडिकल कालेज ब्लड सेंटर को सौपा गया।



मुख्य अतिथि श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव जनपद अध्यक्ष छुरिया, श्रीमती हेमिन विष्णु साहू जनपद सदस्य, अजय पटेल मंडल भाजपा अध्यक्ष, गोपाल देवांगन, विजय अग्रवाल, एस एल नेताम सर,खिलेश्वर साहू, आलोक मिश्रा भाजपा, हिरेंद्र साहू, कमल नारायण गुप्ता, महेश गुप्ता, श्रीमती अल्फीया हनीफ कुरैशी सरपंच गैंदाटोला एच.एस. भाटिया, नागेश यदु रक्तवीर एवं रक्त फनेन्द्र जैन समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधियों ने रक्तदाताओं की हौसला बढ़ाया एवं रक्तदान को जन अभियान बनाने की पहल की।

रक्तमित्र फनेन्द्र जैन ने बताया यूनुस ब्लड ग्रुप लगातार रक्त सहायता पिछले कई वर्षो से कर रहे है और रक्तदान शिविर लगाकर शासकीय ब्लड सेंटर में रक्त जमा किया जो रक्त समितिया लगातार निजी ब्लड बैंको से शिविर लगाकर शासकीय ब्लड सेंटर की उपेक्षा कर रहे है उन्हें अनुकरणीय संदेश दिया। क्योंकि सिकलीन, थैलेसीमिया, डिलीवरी और एक्सीडेंट के मरीज पहले शासकीय अस्पताल में ही भर्ती होते है

यूनुस अजनबी ने कहा प्रभु श्रीराम के नाम रक्तदान शिविर एवं कवि सम्मेलन का आयोजन ग्राम वासियों एवं सरपंच व समाज सेवी व जन प्रतिनिधियों के साथ मिलकर सर्व धर्म सम्मान के प्रतीक प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संस्था द्वारा अनुकरणीय कार्य किया गया।

मेडिकल कालेज राजनांदगांव से डॉ. रिंकू सिंग, टेक्नीशियन चुमेश साहू, कौशल सिस्टर दुर्गा व पूरे मेडिकल कालेज ब्लड सेंटर के टीम का सहयोग रहा। 60 यूनिट रक्त संस्था के माध्यम से रक्तवीरों ने रक्त समर्पण कर प्रभु श्रीराम को याद किया। अयोध्या में 500वर्षो के बाद राम मंदिर की जन्म स्थल में पुनः स्थापना की खुशी में रक्तदान शिविर एवं कवि सम्मेलन का सफल आयोजन ग्राम गैंदाटोला में संपन्न हुआ।

# पिपरिया के जनमानस के मन में राम विराजे

खैरागढ़ (दावा)। सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा हो रहीं थीं, वहीं शहर के वार्ड नं.2 पिपरिया खैरागढ़ में भी ग्रामवासियों ने तीन दिवसीय 'सनातन प्रेरणा उत्सव' के तहत 20 तारीख को घर घर भगवा झंडा व पूरे वार्ड को साज सज्जा किया गया। भूमि शोधन हुआ, अगली सुबह मंगल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें माता बहनों ने बढ़-चढ़कर शामिल हुए। इस कड़ी में रात्रि में निषाद समाज के द्वारा श्रीराम भक्त गुहा निषाद राज की जयंती पूजा अर्चना किया गया। सोमवार 22 जनवरी के शुभ अवसर पर पूरी विधि विधान मंत्रोच्चार के साथ प्रभु श्रीराम के मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा, हवन पूजा, प्रसादी वितरण व शाम को घर घर दीप व फटाका जलाकर खुशियां मनाई गई, संध्या महाआरती से पूरा गॉव अयोध्यामय हो गया।



इस अवसर पर आसपास से भी भारी संख्या में रामभक्तों सहित जनप्रतिनिधियों का भी आगमन हुआ।

# बेलगांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में केंद्र सरकार की योजनाओ का प्रचार-प्रसार

0 उपस्थित भाजपा नेताओं ने ग्रामीण को योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पंचायत बेलगांव में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली बच्चों द्वारा राजकीय गीत अरपा पेरी की धार गाकर किया। विकसित भारत संकल्प शिविर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह भाटिया मोंटी ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं अंतोदय को ध्यान में रखकर बनाई गई है।जिसका लाभ गांव के सुदूर वनाचल में रहने वाला सुख सुविधाओं से वंचित अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है।



शिविर में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत घर घर शौचालय निर्माण, प्रधान मंत्री आवास, घर घर नल जल, मुफ्त राशन प्रदाय, उज्ज्वला गैस चूल्हा, मुद्रा लोन, आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 10 लाख का मुफ्त इलाज, किसान समृद्धि योजना अंतर्गत अनुदान जैसे 200 से अधिक योजनाएं का लाभ लेने आम जनों को जानकारी दी एवम आगामी 25 वर्षो के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत संकल्प के लिए कार्यक्रम स्थल में उपस्थित लोगो को शपथ भी दिलवाई। सांसद प्रतिनिधि श्री भाटिया ने कहा कि साढे 9 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने ही गरीब एवं मध्यमवर्गीय की चिंता की, विगत 5 साल में जिनके मकान नहीं बन पाए उन सभी हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी जल्द मिलेगा।

### हितकारी ने मिल रहे लाभ पर प्रधानमंत्री का आभार जताया

शिविर में मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत ग्राम की रामेश्वरी साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान मिलने और छुन्नू भारती ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण कर लाभ लेने की बात कही जिस पर उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार को धन्यवाद दिया एवं विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को चेक वितरण भी किए गए। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम,जिला भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष तेजलाल वर्मा, जनपद सदस्य कचरू साहू, उपसरपंच रूपा नेतराम कंवर ग्रामीण अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र गेडरे, हेम कुमार साहू, रवि यादव, मुरली गेडाम, पंच सोहद्रा साहू, नीरा सिंहा, देवनतीन साहू, वेद कुंवर साहू, कलसिया बागसवार, फूलचंद कंवर, परशराम साहू, शैलेश अग्रवाल, येतराम जंघेल, संतोष अग्रवाल, योगेश साहू सहित अन्य ग्रामवासी भी उपस्थित हुए।

# मंदिर ट्रस्ट ने मनाया दीपोत्सव, 22 जनवरी को हुआ श्रीराम का राजतिलक

डोंगरगढ़(दावा)। अयोध्या में जन-जन के आराध्य भगवान श्री रामचन्द्र की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ की आराध्य मां बम्लेश्वरी देवी के दरबार में 14 जनवरी को भगवान श्रीरामचन्द्र की झांकी निकाल कर 15 जनवरी से 22 जनवरी तक नीचे मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा रामलीला व रासलीला का आयोजन किया गया।




22 जनवरी को रामलीला के अंतिम दिन प्रभु श्रीराम के राजतिलक का मनमोहक मंचन किया गया। साथ ही अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी मंदिरों में विशेष पूजा अनुष्ठान के साथ साथ श्री राम रक्षा स्तोत्र तथा बाल कांड का पाठ कर दिन भर भजन कीर्तन भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

सभी सीढ़ियों में 16 हजार दीप प्रज्वलित संध्या के समय ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी मंदिरों विशेष रूप से ऊपर की सभी सीढ़ियों में 11 हजार और नीचे बम्लेश्वरी मंदिर में 5 हजार दीप जलाकर श्रीरामजी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाया गया। ऊपर मंदिर सीढ़ियों में दीप प्रज्वलित करने में एसडीएम गिरीश रामटेके, एसडीओपी आशीष कुंजाम, सीईओ जनपद पंचायत दिव्या ठाकुर, सीएमओ कुलदीप झा के मार्गदर्शन में ब्लॉक की महिला स्व-सहायता समूह व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष द्वय अनिल गट्टानी व संजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मिश्रा, मंत्री महेंद्र परिहार, सहमंत्री बबलू शांडिल्य, पूर्व अध्यक्ष ट्रस्टी पीताम्बर स्वामी, ट्रस्टीगण प्रकाश बिंदल, संजीव गोमास्ता, विशेष आमंत्रित सदस्य अजय सिंह ठाकुर, मैनेजर लक्ष्मी गुनी मंदिर ट्रस्ट के समस्त कर्मचारियों कार्यकर्ताओं व दर्शनार्थियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। उक्त जानकारी ट्रस्ट के मंत्री महेंद्र परिहार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## शिव पंचतंत्र मंदिर में भंडारा

डोंगरगढ़ (दावा)। वार्ड नंबर 24 स्तिथ शिव पंचतंत्र मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



21 जनवरी को शिव पंचायतन मंदिर महिला समूह एवं समस्त मोहल्ले वासियो ने सुबह 6 बजे सीता राम जाप करते मोहल्ले में भ्रमण किया दोपहर रामायण पाठ व हनुमान चालीसा पाठ किया गया। 22 जनवरी को दोपहर भगवान राम सीता लक्ष्मण हनुमान जी का पूजा अर्चना कर शाम तक विशाल भंडारी का आयोजन किया गया रात्रि में सभी अपने घरों में दीप जलाकर वह हर्षोल्लास के साथ पटाखे जलाए जिसमें वार्ड नंबर 1 के पार्षद शिवा निषाद, रवि निषाद, प्रदीप साहू, जागीर निषाद, राजेंद्र निषाद,सालिक निषाद, श्वेता, निधि, मोनिका, कीर्ति ठाकुर, उषा साहू सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित है।

# नपं छुरिया में स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत मंदिर व धार्मिक स्थलों में की जा रही है सफाई



छुरिया (दावा)। अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है, इस शुभ अवसर पर प्रदेश में उत्सव का वातावरण इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ तीर्थ अभियान का आगाज किया है धार्मिक और पवित्र स्थलों को साफ और कचरा मुक्त रखना मंत्रियों एवं प्रमुख तीर्थ स्थलों में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था करने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की गई है जिसके तहत देश भर में 14 जनवरी से 21 जनवरी तक स्वच्छता अभियान के द्वारा मंदिर एवं धार्मिक स्थलों की साफ सफाई किया जाना है इसी क्रम में नगर पंचायत छुरिया में सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत सभी मंदिरों की साफ सफाई आमजन की सहभागिता से किया जा रहा है। रविवार को नगर पंचायत टीम एवं आम नागरिक द्वारा विभिन्न मंदिरों की सफाई की गई इसके साथ ही नगर पंचायत की टीम के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

# छुरिया में दो दिवसीय रामायण सम्मेलन में मानस प्रेमियों की उमड़ी भीड़



छुरिया (दावा)। मां दन्तेश्वरी मानस प्रचार समिति के तत्वाधान में नये बस स्टैण्ड में दो दिवसीय रामचरित मानस सम्मेलन संपन्न हुआ। उक्त सम्मेलन 20 एवं 21 जनवरी को रखा गया था। सम्मेलन में लगभग 25 ख्यातिप्राप्त रामायण मंडलियों ने हिस्सा लिया।

**जगराता का भी हुआ आयोजन**

रामायण सम्मेलन में विभिन्न मंडलियों के द्वारा भगवान श्रीराम चन्द्र जी के चरित्र का वर्णन किया गया। बालकाण्ड से लेकर सुंदर काण्ड, अयोध्या काण्ड, लंकाकाण्ड सहित विभिन्न सोपानों की कथा एवं जीवन में प्रेरणादायक भगवान श्री रामचन्द्र जी के कार्यों व जीवन चरित्र को बताया गया। रामचरित मानस कार्यक्रम के एक दिन पहले सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वर्णा एवं गरिमा दिवाकर का जगराता का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक प्रकाश यादव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, सतवंत सिंह भाटिया समाजसेवी, प्रकाश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह भाटिया, सतीश पटेल, पूर्व पार्षद श्रीमती सरला सिन्हा, सीमा यादव, का मानस प्रचार समिति के अध्यक्ष सुभाष यादव, उपाध्यक्ष अमीर खान, जोधीराम साहू, राधेश्याम ठाकुर, टामेश कुम्भकर, शिव चंद्रवशी, रूपेन्द्र साहू ने पुष्प हार से स्वागत सत्कार किया। 20 एवं 21 जनवरी को छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रांतों के ख्याति प्राप्त मंडलियों ने दो दिवसीय मानस सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर नगर में मानस प्रेमियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# पाठ्यपुस्तकों में नैतिक शिक्षा को शामिल करना अनिवार्य - महानदिया



जोंधरा (दावा)। ग्राम जोंधरा में दो दिवसीय 20 और 21 जनवरी को आयोजित रामायण प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी व सुप्रसिद्ध रंगकर्मी कोमल सिंह महानदिया ने अपने उदबोधन में कहा कि समाज में आज लगातार नैतिक गिरावट महसूस की जा रही है।

नैतिकता का लगातार पतन होते जा रहा है। आज की आधुनिक जीवन शैली कई विसंगतियों को जन्म दे रहा है पहले जहां हितोपदेश, पंचतत्र जैसी कहानियों से हमें नैतिक शिक्षा मिलती थी वहीं आज के बच्चे से लेकर युवा तक सभी सिर्फ मोबाईल से ही शिक्षा ग्रहण कर रहे है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग कम से कम प्राथमिक शिक्षाा तक तो अनिवार्य रूप से ऐसी कहानियां को पाठ्यपुस्तक में शामिल करें उन्होंने कहा कि रामचरित मानस सिर्फ सुनने के लिए नहीं है अपितु इसके आदर्श चरित्र चित्रण को जीवन में उतारने के लिए है उन्होंने कहा कि जब प्रभु श्रीराम अयोध्या में थे तब तक श्री राजा राम ही थे पर जब वो चौदह सालो का वनवास व्यतीत कर अयोध्या वापस आये तो वो पुरूषोत्तम राम बनकर आये। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी डॉ. देवव्रत खोब्रागढ़े ने की उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से हमारी वैचारिक शुद्धि होती है समय-समय पर हमारे मस्तिष्क में अनेक काले बादलों की तरह अनैतिक विचार धारा इकट्ठा हो चुकी है उन सबकी साफ-सफाई का एक बड़ा जरिया इस तरह का सत्संग आयोजन ही होता है। उन्होंने ग्रामवासियों को आयोजन के लिए बधाई दी। वही मंच में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य देवारूराम राम मालेकर, पत्रकार राजेश मेश्राम, ग्वालराम मालेकर आदि उपस्थित रहे।

# छुरिया में श्रीरामजी की निकली भव्य शोभायात्रा



छुरिया (दावा)। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर छुरिया नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र भगवान राम की आराधना में रमा रहा। सुबह से ही मंदिरों में पूजा पाठ का दौर शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा है। इसके बाद नगर में जगह-जगह भजन संध्या भी हुआ। मां दन्तेश्वरी नीचे मंदिर में रामचरित मानस का पाठ एवं हनुमान मंदिर सीताबर्डी में सुंदर काण्ड का पाठ किया गया। वहीं एक दिन पहले रविवार को राम भक्तों ने डीजे एवं बैण्ड बाजे की धुन पर नगर सहित ग्रामीण अंचलों का भ्रमण किया। अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रातः रामभक्तों ने नगर में प्रभातफेरी निकाली। तत्पश्चात नीचे मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। शाम को नगर में नीचे मंदिर प्रांगण से दीप प्रज्वलित किया गया।

### भव्य शोभायात्रा निकाली गई

छुरिया नगर में सोमवार को रामजी की सवारी निकाली गई। इसमें हर समाज और हर वर्ग के लोग शामिल हुए। रामजी की शोभायात्रा में लोगों मे गजब का उत्साह देखने को मिला। नीचे मंदिर, पुराने बस स्टैण्ड, कुम्हार पारा, सीताबर्डी के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस नीचे मंदिर में समाप्त हुई। इस अवसर पर मंदिर में महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया था।

# भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**ऑनलाईन पंजीयन की अंतिम तिथि 6 फरवरी तक**

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय वायुसेना द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं को भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। उप संचालक रोजगार एस.व्ही. राजौरिया ने बताया कि भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष तथा 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 के बीज जन्म लेने वाले उम्मीदवार भारतीय वायु सेना की वेबसाईट में 6 फरवरी 2024 तक ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन कर सकते हैं।

चयन की स्थिति में उम्मीदवार की आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। इसके लिए भर्ती की प्रक्रिया तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में ऑनलाईन कम्प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा ली जाएगी। ऑनलाईन परीक्षा का आयोजन 17 मार्च 2024 से शुरू होगा। इसके अंतर्गत विज्ञान विषय भौतिकी, गणित एवं अंग्रेजी विषयों में 10+2 सीबीएसई सिलेबस पर आधारित 60 मिनट की ऑनलाईन परीक्षा होगी। विज्ञान विषय के अलावा अंग्रेजी तथा तार्किक योग्यता एवं सामान्य ज्ञान विषय के 10+2 सीबीएसई के अनुसार 45 मिनट की ऑनलाईन परीक्षा होगी। विज्ञान विषय एवं अन्य विषयों के लिए भौतिकी, गणित एवं अंग्रेजी विषय के 10+2 सीबीएसई सिलेबस तथा तार्किक एवं सामान्य ज्ञान पर आधारित 85 मिनट की ऑनलाईन परीक्षा होगी। प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक एवं प्रत्येक गलत उत्तर पर 0.25 अंक घटेंगे। दूसरे चरण में सभी के लिए निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप शारीरिक दक्षता परीक्षण ली जाएगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले आवेदकों को आवश्यक टेस्ट उत्तीर्ण करना होगा। जिसके द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा की आवेदक भारतीय वायु बल एवं सैनिक जीवन में अपने आप को व्यवस्थित कर सकता है या नहीं। तीसरे चरण में चिकित्सा परीक्षण के तहत एजिबिलिटि टेस्ट 2 उत्तीर्ण करने वाले आवेदकों को चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा। जिसके दौरान विभिन्न प्रकार के शारीरिक एवं बॉयोकेमिकल जांच की जाएगी।

भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए सांइस विषय (गणित समूह) के लिए इन्टरमीडियेट 10+2, समकक्ष परीक्षा किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था या बोर्ड से गणित, भौतिक एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत अंकों के साथ एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से 50 प्रतिशत अंकों के साथ तथा अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, आटोमोबाईल, इन्स्टूमेंटेशन टेक्नालॉजी, इन्फोरमेशन टेक्नालॉजी) अथवा अव्यावसायिक कोर्सों के साथ 2 वर्ष का व्यावसायिक कोर्स भौतिकी या गणित विषयों में 50 प्रतिशत अंकों के साथ तथा अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से शैक्षणिक योग्यता चाही गई है। सांइस विषय के अलावा अन्य विषय में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 या समकक्ष परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अनिवार्य शारीरिक मापदण्ड अंतर्गत पुरूष आवेदक के लिए ऊंचाई 152.50 सेमी एवं महिला आवेदक के लिए ऊंचाई 152 सेमी, वजन ऊंचाई एवं आयु के समानुपात में होना चाहिए। पुरूष आवेदकों के लिए सीना 77 सेमी एवं फुलाने पर 82 सेमी तथा महिला आवेदनों के लिए सीना समानुपात होना चाहिए। 6 मीटर की दूरी की आवाज सुनने की क्षमता, पुष्ट मसूड़ों के साथ अच्छे दांत एवं दृष्टि क्षमता निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप होना चाहिए।

भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती में चयनित उम्मीदवारों के लिए आकर्षक वेतन, भत्ते एवं अन्य सुविधाएं दी जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को प्रथम वर्ष 30 हजार रूपए एवं भत्ता, द्वितीय वर्ष 33 हजार रूपए एवं भत्ता, तृतीय उम्मीदवारों को 36 हजार 500 रूपए एवं भत्ता तथा चतुर्थ वर्ष 40 हजार रूपए एवं भत्ता दिया जाएगा। 4 वर्ष की सेवा पश्चात अग्निवीर को 10 लाख 4 हजार रूपए ब्याज सहित सेवानिधि जो आयकर से छूट योग्य होगी प्रदाय किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक अग्निवीर को सेवा निधि पैकेज के लिए दो विकल्प दिए जाएगी। पहले विकल्प में स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए आर्थिक ऋण तथा निकासी पर इमिडिएट या इंसिडेंटल खर्च दिया जाएगा। अग्निवीर का वेतन एवं संयुक्त पैकेज है, उसे महंगाई भत्ता एवं सैनिक सेवा वेतन की कोई पात्रता नहीं होगी, परन्तु समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी आवेदित रिस्क एवं हार्डशीप, राशन, ड्रेस एवं यात्रा भत्ता की पात्रता होगी। अग्निवीर को किसी भी प्रकार के प्रोविडेन्ट फंड में किसी प्रकार के सहयोग से छूट होगी। अग्निवीर को इस योजना के तहत कोई भी ग्रेजुएटी या पेंशन संबंधी लाभ प्राप्त नहीं होगा।

अग्निवीर को 48 लाख रूपए का जीवन बीमा कव्हरेज दिया जाएगा और सेवा ग्रुप इंश्योरेंस फंड का लाभ नहीं होगा। अग्निवीर की चार साल की सेवा उपरांत सेवा निधि पैकेज, अग्निवीर कौशल विकास प्रमाण पत्र, कक्षा 12वीं का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। अग्निवीर को प्रत्येक वर्ष 30 दिनों का वार्षिक एवं चिकित्सा सलाह के आधार पर बीमारी से संबंधित अवकाश दिया जाएगा। अग्निवीर वायु सैनिक पदों पर भर्ती के संबंध में नियम एवं अन्य विस्तृत जानकारी वायु सेना के वेबसाईट https://agni-pathvayu.cdac.in, दूरभाष क्रमांक 011-25694209, 25699606 तथा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव व कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07744-299523 से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# एक लाख दीपों से जगमग हुआ स्टेशन पारा, श्री बेलेश्वर महादेव मंदिर में मनाया गया रामोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय स्टेशन पारा, रेल्वे ओव्हरब्रिज के नीचे स्थित श्री बेलेश्वर महादेव मंदिर में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा को दीपोत्सव रूप में मनाया गया।

ज्ञातव्य हो कि श्री बेलेश्वर महादेव मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा अयोध्या में बन रहे श्रीरामलला मंदिर की तर्ज पर जनसहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार भव्य शेड रूप में निर्माण करवाया गया। 22 जनवरी प्रातःकाल विधिवत पूजन पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम की कड़ी में संध्या समय एक लाख दीपों की रोशनी से स्टेशन पारा ओव्हरब्रिज ढालान से गौरीनगर क्रॉसिंग तक मुख्य मार्ग के दोनों ओर अयोध्या नगर की तरह दीप सजाया गया। उक्त कार्यक्रम में समिति के संरक्षकगण देवेश घाटोड़े, संजय खंडेलवाल, देवेंद्र ठाकुर मार्गदर्शक मिलिंद रेड्डी, अमन यादव, अरविंद चंद्राकर, मनीष कठाने, नरेन्द्र हंसा, समर्पित कार्यकताओं अतुल खंडेलवाल, अमरनाथ यादव, उमेश राजपूत, दिग्विजय श्रीवास्तव, योगेश निर्मलकर, पप्पू यादव, मनोज सिन्हा, विवेक शर्मा, बीरबल रणसुरे, रामलाल सिन्हा, कुशवंत सिन्हा, हेमंत सिन्हा, निखिल सिन्हा, मानस खंडेलवाल, तरुण घाटोड़े एवं क्षेत्र के सनातन धर्म में आस्थावान जनसमुदाय का सहयोग प्राप्त हुआ। उक्त जानकारी आयोजन समिति के उमेश राजपूत एवं अतुल खंडेलवाल द्वारा प्रदान की गई।

# सुभाष द्वार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई



राजनांदगांव (दावा)। सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर कायस्थ समाज द्वारा सुभाष द्वार में उनकी प्रतिमा के पास कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी तथा पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, प्रभारी सदस्य गणेश पवार, पूर्व निगम अध्यक्ष व पार्षद शिव वर्मा, वार्ड पार्षद शरद सिन्हा, पत्र लेखन मंच के अध्यक्ष डी.सी जैन, पूर्व लोकपाल अमुलेदु हाजरा, गुजराती शिक्षण संस्था के गिरिश ठक्कर, विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियो ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की विशाल आदमकद मूर्ति पर माल्यापर्ण कर पुष्पांजली अर्पित की।

महापौर श्रीमती देशमुख ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती की बधाई देते हुये कहा कि देश की आजादी में सुभाष चंद्र बोस के योगदान को कभी नहीं भूलाया जा सकता। उन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूँगा, का नारा दिया था। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह भारतीय राष्ट्रीय सेना (आजाद हिंद फौज) के प्रमुख थे। इसके साथ ही आजाद हिंद सरकार के संस्थापक प्रमुख थे। उन्होंने कहा कि हर युवा को उनके आदर्शों पर चलकर देश हित में काम करना चाहिये।

अमलेन्दू हाजरा ने बधाई देते हुये कहा कि सुभाष बाबू हमारे बीच सदैव अमर रहेगे। उनके त्याग बलिदान के लिये हम सभी ऋणी रहेगे। उनके विचार थे कि सफलता हमेशा असफलता के स्तम्भ पर खड़ी होती है। राष्ट्र के महानायक सदैव हमारे लिये पूज्यनीय रहेगे।

पूर्व महापौर श्री देशमुख सहित डी.सी.जैन, शिव वर्मा एंव हिमांशु यशमिक, गिरिश ठक्कर ने भी जयंती पर अपनी शुभकामनाएं दी तथा कायस्थ समाज के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन देबूलाल द्वारा जयंती की बधाई देते हुये, कायस्थ समाज के लिये गर्व का विषय बताया। कार्यक्रम के अंत में आगन्तुकों के प्रति नागेश श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हरजीत सिंह भाटिया, कुंजलाल सिन्हा, अशोक यादव, ऋषि श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, कमलेश श्रीवास्तव एवं वार्डवासी सहित गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# पुलिस विभाग के बी.आर. चंद्रवंशी 32 वर्षो बाद उपनिरीक्षक पद पर हुए पदोन्नत



डोंगरगांव (दावा)। पुलिस विभाग में वर्षों से विभिन्न थाना में अपनी सेवाएं दे चुके बेदराम चंद्रवंशी को 22 जनवरी को विभाग ने पदोन्नत किया है। वर्तमान में थाना डोंगरगांव में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक श्री चंद्रवंशी विगत 32 सालों से पूर्ण ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठ व कठिन परिस्थिति में भी शासन के द्वारा हर कार्य को अपने सरल व्यहार व सुझबुझ से पूर्ण किया और सफलताएं हासिल की। उन्होंने ने घोर सघन नक्सली क्षेत्रों के चौकी व थाना में अनेक महत्वपूर्ण ऑपरेशन का नेतृत्व कर सफलता हासिल किया है। वे राजनांदगांव, खैरागढ़, डोंगरगांव, अं.चौकी, मानपुर, साल्हेवारा, गरियाबंद सहित अन्य राजनीतिक, सघन राजनीतिक थानों मे अपनी सेवा दी है। उनके द्वारा पीड़ितों की बातों को सुनना एवं कानुनी रूप से समझाई देकर संतुष्ट करना, अपराधिक घटना में कानून के हर पहलु से जांचकर कार्यवाही करते हुये न्यायालय पेश करना एवं स्थानीय जनसामान्य व प्रमुख लोगों से अपने सरल व्यवहार व व्यक्तित्व से कार्यो का पूरा किया गया। उनके पदोन्नति पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित नगर निरीक्षक उपेंद्र शाह व थाना स्टाफ के द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

## शेष प्रथम पृष्ठ का

***प. बंगाल में टीएमसी के बाद 'आप' ....***

अपना रुख साफ कर दिया था। कालीघाट में पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि कांग्रेस सीट शेयरिंग में देरी कर रही है। इससे नुकसान हो रहा है।

केसी त्यागी ने दिए संकेत, क्या बिहार में भी होगा खेला- ममता बनर्जी के इंडिया गठबंधन से अलग होने के बाद बिहार में हलचल तेज है। जदयू नेता केसी त्यागी ने ममता के फैसले के बाद कांग्रेस पर ही निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस को बड़ा दिल दिखाना चाहिए। जिस तरह से नीतीश कुमार को लेकर अटकलें तेज हैं, आशंका जताई रही है कि किसी भी पल बिहार में भी बड़ा खेल हो सकता है। कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि कांग्रेस देशभर में 300 सीट पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। इस पर ममता बनर्जी ने कहा कि कांग्रेस ने बाकी सीटें भी क्यों छोड़ी है? कांग्रेस की किसी भी भीख नहीं चाहिए। हम अपने दम पर बंगाल की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। - अधीर रंजन चौधरी, पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष बताते चलें कि 2019 के लोकसभा चुनावों में टीएमसी को 22 सीटों पर जीत मिली थी, जबकि कांग्रेस ने दो सीटें जीतीं थी और भाजपा ने राज्य में 18 सीटें हासिल की थी।

***सपा-रालोद गठजोड़ के लिए भाजपा ....***

सपा-रालोद की धार को कम करेगा मोदी का संदेश!- प्रधानमंत्री की जनसभा को सपा-रालोद गठबंधन की धार को कम करने के लिए भी अहम माना जा रहा है। पिछली बार सपा का बसपा के साथ गठबंधन था। 26 लोकसभा सीटों में से 19 भाजपा ने जीती थी। सहारनपुर, बिजनौर, नगीना, अमरोहा पर बसपा एवं रामपुर, मुरादाबाद और संभल सीट पर सपा प्रत्याशी चुनाव जीते थे। सपा ने इस बार रालोद से गठबंधन किया है। पश्चिमी उप्र को जाट और गुर्जर बहुल माना जाता है। यहां जाट करीब 17 व गुर्जर 16 प्रतिशत हैं। जाटों को रालोद का परंपरागत वोट माना जाता है। खतौली विधानसभा के उप चुनाव में जाट-गुर्जर, मुस्लिम व त्यागी गठजोड़ के कारण भाजपा को हार झेलनी पड़ी थी। खतौली की जीत की वजह से ही सपा ने जाट-गुर्जर-मुस्लिम व त्यागी गठजोड़ को बरकरार रखने के लिए रालोद से लोकसभा चुनाव के लिए भी गठबंधन किया है। जानकारों का कहना है कि भाजपा ने शुरूआती चरण में ही सपा-रालोद गठजोड़ की धार कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सिकंदराबाद में जनसभा रखवाई है। पूरा देश इस समय राममय है। प्रधानमंत्री के जरिए भाजपा इसको भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। टिकट के दावेदार दिखाएंगे ताकत- गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर व अलीगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा से टिकट के दावेदार जनसभा में भीड़ जुटा कर अपनी ताकत दिखाएंगे। इन सीटों पर मौजूदा सांसदों के अलावा एक दर्जन से अधिक दावेदार हैं। जनसभा में जो अधिक भीड़ ले जाएगी, उसकी टिकट की दावेदारी अधिक मौजूद होगी। इसी वजह से सभी दावेदारों ने भीड़ जुटाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दावेदारों ने अपनी तरफ से बसें लगाई हैं।

***अयोध्या जाने से करें परहेज....***

भगवान दोपहर 12 से ढाई बजे तक विश्राम करेंगे। विश्राम का समय बढ़ाया और घटाया जा सकता है। मंगला आरती में दर्शन सीमित रहेंगे। फिलहाल भक्तों की भीड़ ज्यादा है। वीआईपी दर्शन की व्यवस्था नहीं है। इसलिए सभी लोग आरती में जा रहे हैं। आगे सिर्फ श्रृंगार, भोग और संध्या आरती में श्रद्धालु शामिल हो सकेंगे।

***साय कैबिनेट की बैठक में बड़ा फैसला....***

न्यायाधीशों के पदनाम में यह होगा बदलाव- कैबिनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ सिविल न्यायालय (संशोधन) विधेयक-2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है। इस संशोधन में 'जिला न्यायाधीश' को 'प्रधान जिला न्यायाधीश' और 'अपर जिला न्यायाधीश' को 'जिला न्यायाधीश' करने का प्रविधान रखा गया है। इसी तरह 'व्यवहार न्यायाधीश प्रथम वर्ग' को 'व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी' और 'व्यवहार न्यायाधीश द्वितीय वर्ग' को 'व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी' और 'जिला न्यायालय' को 'प्रधान जिला न्यायालय' से प्रतिस्थापित करने का प्रविधान रखा गया है। उच्च न्यायालय बिलासपुर में ज्वाइंट रजिस्ट्रार (एम) के पांच पद आकस्मिकता निधि से सृजित करने का निर्णय लिया गया है।

***खिचड़ी घोटाले में संजय राउत के ....***

में आज जाने से पहले रोहित पवार पास में स्थित एनसीपी कार्यालय गए और शरद पवार से मुलाकात की। साथ ही उनके पैर छुए आशीर्वाद लिया और वहां मौजूद अन्य नेताओं से बातचीत की। इस दौरान रोहित पवार को सुप्रिया सुले ने भारतीय संविधान की एक प्रति भी दी। रोहित पवार ने पूछताछ से पहले छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए थे। ईडी के सामने फिर होऊंगा पेश- रोहित पवार- मामले में रोहित पवार ने कहा कि मैंने मामले से जुड़े दस्तावेजों को ईडी को सौंप दिए हैं। उन्होंने मुझे एक फरवरी को फिर से पेश होने को कहा है। मैं फिर ईडी के सामने पेश होने जाऊंगा। जांच में एजेंसियों के साथ सहयोग किया है। क्योंकि अधिकारी अपना काम कर रहे हैं। मैंने उन्हें मामले से जुड़े हर दस्तावेज दे दिए हैं।

***मालदीव के मुख्य विपक्षी ....***

भारत विरोधी रुख अपना रही वर्तमान सरकार- उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान सरकार भारत विरोधी रुख अपना रही है। देश के सबसे पुराने सहयोगी को अलग करना देश के दीर्घकालिक विकास के लिए हानिकारक होगा। 87 सदस्यीय सदन में दोनों दलों के पास 55 सीटें हैं।

***वाणिज्यिक कर विभाग में बड़ा फेरबदल...***

सहायक आयुक्त रायपुर वृत्त आठ, नीता दीवान- सहायक आयुक्त राज्य कर अंबिकापुर वृत्त, संदीप कुमार-सहायक आयुक्त बिलासपुर वृत्त-दो, सुखना राम भगत-सहायक आयुक्त बिलासपुर वृत्त तीन,विजय कैवर्त-सहायक आयुक्त, राज्य कर रायगढ़ वृत्त दो, भूपेंद्र गोटी-सहायक आयुक्त राज्य कर, दुर्ग वृत्त एक, राकेश कुमार अरोरा-कार्यालय सहायक आयुक्त, जगदलपुर,ताम्रध्वज साहू-सहायक आयुक्त जगदलपुर वृत्त एक।

***कर्पूरी ठाकुर को जन्म-शताब्दी पर मोदी....***

उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री ठाकुर के पुत्र एवं राज्य सभा सदस्य रामनाथ ठाकुर ने कहा कि उनके पिता ने गरीबों को न्याय दिलाने के लिये संघर्ष किया और जेल गये। उन्होंने पिता को भारत रत्न दिये जाने के लिये सरकार का आभार जताया और बधाई दी। पूर्व मुख्यमंत्री की 100वीं जयंती मनाने के लिये पटना में हजारों की संख्या में जनता दल यू कार्यकर्ता वेटरनरी ग्राउंड में एकत्र हुये थे।

# रामाटोला में श्रीराम की भव्य शोभायात्रा राउत नाचा के साथ निकाली गई



डोंगरगढ़(दावा)। चिचोला-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम रामाटोला में श्रीराम की भव्य शोभायात्रा राउत नाचा के साथ निकाली गई। जिसमें गांव के प्रमुख लोगों के साथ साथ बच्चों की कलश यात्रा भी निकाली गई। कलश यात्रा को गांव के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए भजन मंडली के साथ-साथ गांव में घुमाया गया। ऐसा लग रहा था मानो यहीं अयोध्या धाम है। पूरा गांव राम मय हो गया था।

जगह-जगह स्वागत के साथ-साथ युवा साथियों के द्वारा पोहा वितरण किया गया। अंत में भक्तजनों के लिए विशाल भंडारा भी रखा गया था, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# गंभीरतम पीड़ा की सरलतम अभिव्यक्ति है काव्य - चंद्रेश



**छुरिया विकासखण्ड के ग्राम सीताकसा में कवि सम्मेलन का आयोजन**
**अंचल के लब्ध प्रतिष्ठित कवियों द्वारा दिया गया ज्ञानवर्धक, हास्य एवं व्यंग से परिपूर्ण कविताओं की प्रस्तुति**

राजनांदगांव (दावा)। जनसंपर्क अधिकारी जिला बालोद चंद्रेश ठाकुर ने कविता की परिभाषा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'गंभीरतम पीड़ा की सरलतम अभिव्यक्ति है काव्य'। उन्होंने कहा कि साहित्य एवं कविता का कार्य मुख्यतः मनुष्य को दिशा बोध कराकर मनुष्य को मनुष्य बनाना है। श्री ठाकुर राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखण्ड के सुदूर ग्राम सीताकसा में गत दिनों आयोजित कवि सम्मेलन के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ी में कविता के अर्थ पर प्रकाश डालते हुए छत्तीसगढ़ के कालजयी रचनाकार स्व. कोदूराम दलित के कविता का उल्लेख करते हुए कहा कि 'जइसे मुसवा निकले बिल ले, वइसने कविता निकले दिल ले'। कवि सम्मेलन का प्रभावी संचालन छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कवि विरेंद्र तिवारी 'वीरू' ने किया। कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के नामचीन कवि कैलाश साहू 'कुंवारा', प्रीतम कोठारी 'समीर', महेंद्र बघेल 'मधु', रमेश मण्डावी एवं मनीष साहू 'मन' उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री ठाकुर ने कविता एवं साहित्य के उपदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महान रूसी साहित्यकार मैक्सीम गोर्की ने कहा है कि विज्ञान यह सिखला सकता है कि पक्षी की तरह हवा में कैसे उड़ना चाहिए। विज्ञान यह सिखला सकता है कि मछली में पानी की तरह पानी में कैसे तैरना चाहिए। लेकिन विज्ञान यह नहीं सिखला सकता कि मनुष्य कैसे बनाना चाहिए, यह काम साहित्य का है। उन्होंने कहा कि साहित्य का कार्य मनुष्य में मानवीय संवेदनाओं का बीजारोपण कर उनका दायित्व बोध कराना है। आज जब शाश्वत एवं नैतिक मूल्यों का जब पतन हो रहा है। ऐसे समय में हमारे महान मूल्यों को अक्षुण बनाए रखने के लिए साहित्य एवं कविता को आत्मसात करने की सर्वाधिक आवश्यकता है। इस अवसर पर ग्राम सीताकसा के उदयीमान कवि साहित्यकार प्रीतम कोठार 'समीर' के साहित्यिक प्रतिभा का भूरी-भूरी सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के नामचीन कवियों ने ज्ञानवर्धक एवं हास्य परिपूर्ण कविताओं की प्रस्तुति कर रसज्ञ श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में बलदाउ मण्डावी, भूपेंद्र मण्डावी, मानसिंह मण्डावी, मदन साहू, लखन साहू, अशोक विश्वकर्मा, चंदुलाल साहू सहित अन्य अतिथियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# इतिहास विभाग में मनाया गया सुभाषचंद्र बोस जयंती




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा सुभाषचंद्र बोस जयंती मनाई गई। प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर मुख्य वक्ता जितेन्द्र साखरे सहा.प्राध्यापक इतिहास, रानी रश्मि देवी महाविद्यालय, खैरागढ़, विभागाध्यक्ष डॉ.शैलेन्द्र सिंह द्वारा सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ.शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि वीर सावरकर ने सुभाषचन्द्र बोस की क्षमता को पहचाना तथा छोटे-छोटे आंदोलनों में शक्ति व्यय करने के स्थान पर कोई ठोस कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने सुभाषचन्द्र बोस को राय दी कि उन्हे देश के बाहर जाकर अन्य देशों से सहायता लेकर भारत को स्वतंत्रता के प्रयत्न करने चाहिए। सुभाषचन्द्र बोस ने रूस, इटली, जर्मनी आदि देशों से सहायता प्राप्त करने का प्रयास किया। जर्मनी सरकार से मिलने के बाद उन्होंने फ्री इंडिया सेन्टर की स्थापना की। प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर ने कहा कि 1923 में चितरंजन दास द्वारा सुभाष को स्वराज दल का महामंत्री का कार्य सौंपा गया। उनके प्रयासों से कलकत्ता नगर निगम के चुनावों में स्वराज दल की सफ्लता मिली। उन्होंने कलकत्ता की सड़कों के नाम अंग्रेजी के नाम से बदलकर भारतीय महापुरूषों के नाम कर दिए। गांधीजी से वैचारिक मतभेद होने के कारण उन्होंने कांग्रेस से त्यागपत्र देकर 'फारर्वड ब्लॉक' नामक दल बनाया। मुख्य वक्ता जितेन्द्र साखरे ने कहा कि सुभाष बचपन से ही स्वतंत्रता प्रेमी थे। सुभाषचंद्र बोस पर विवेकानंद का काफी प्रभाव था। उन्होंने 1920 में आई.सी.एस. की परीक्षा उत्तीर्ण की किंतु अंग्रेजी शासन के अधीन नौकरी करना स्वीकार नही किया। 22 सितम्बर 1944 को सुभाष बोस ने शहीद दिवस मनाया तथा घोषणा की हमारी मातृभूमि स्वतंत्रता की खोज में है। तुम मुझे अपना खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा दूर्भाग्यवश उनका यह स्वप्न पूरा न हो सका। 21 अक्टूबर 1943 को सुभाषचन्द्र बोस ने अस्थाई सरकार की स्थापना की जिसे जापान, जर्मनी, चीन, इटली, कोरिया, फिलिपिंग आदि देशों ने मान्यता दी थी। कार्यक्रम का संचालन एम.ए.पूर्व की छात्रा प्रगति नोन्हारे ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. अजय शर्मा द्वारा किया गया

# कु. दिव्या वर्मा, समाज सेवक संघ की राजनांदगांव जिले की अध्यक्ष बनीं



राजनांदगांव (दावा)। समाज सेवक संघ के अध्यक्ष समाजसेवी संजीव सिंघल ने कु. दिव्या वर्मा को राजनांदगांव जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कु. दिव्या वर्मा विज्ञान स्नातक हैं एवं समाज सेवा, गायन, नृत्य में रूचि रखती हैं। कु. दिव्या को संघ के अध्यक्ष बनाये जाने पर संघ की संभाग अध्यक्ष श्रीमति नेमिन देशमुख, प्रियांशु सिंघल, बालोद जिले के अध्यक्ष कु. भुनेवरी साहू, पसौद की अध्यक्ष कु. हिलेश्वरी ठाकुर, सुरसुली की अध्यक्ष कु. भूमिका साहू, नाहंदा की अध्यक्ष कु. वंदना सिन्हा, राजनांदगांव जिले के महासचिव भुवाल प्रसाद लिल्हारे, तारिक ललानी, उपाध्यक्ष कु. निशी ध्रुव, सचिव मधु फाफा, सचिव कु. पूर्वी साहू, कु. प्राची शर्मा, कु. करीना धनकर, मुंदगाँव की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती वर्मा, नवागाँव मुढ़ीपार स्टेशन के अध्यक्ष अमित पटेल, सुरगी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, मुढ़ीपार स्टेशन के अध्यक्ष अश्वनी पटेल, कोटरासरार के अध्यक्ष ममता मैथिल, अमलीडीह के अध्यक्ष गिरीश साहू, इंदामरा की अध्यक्ष कु. रूपा कंवर, डोंगरगाँव की अध्यक्ष श्रीमती रोहिणी पटेल, सिंघोला की अध्यक्ष कु. पायल यादव, ठाकुरटोला के अध्यक्ष अभिजीत सरकार, ककरेल के अध्यक्ष महेन्द्र बघेल, रीवागहन के अध्यक्ष मोती लाल रावटे, घोरदा के अध्यक्ष मनोज भट्टाचार्य, तुमड़ीलेवा की अध्यक्ष बबीता लहरे, फरहद (सोमनी) के अध्यक्ष विजय निषाद, पार्रीकला के अध्यक्ष आकाश यादव, भाठागाँव के अध्यक्ष दिनेश पटेल, जेवरतला के अध्यक्ष कु. स्वाति देवांगन और टेड़ेसरा के अध्यक्ष दौलतराम साहू नं बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

# कमला कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग में सुभाषचन्द्र जयंती मनाई गई




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.) के राजनीति विज्ञान विभाग में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 23 जनवरी को सुभाषचन्द्र बोस जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम की शुरूआत सुभाषचन्द्र बोस के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की गई।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्राचार्य का स्वागत बी.ए. भाग एक की छात्रा दामेश्वरी ने किया तथा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान सुश्री आबेदा बेगम का स्वागत एम.ए.चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कु.कामना ने और अतिथि व्याख्याता डॉ. दुर्गा शर्मा का स्वागत बी.ए. भाग तीन की छात्रा कु.फरहा मिर्जा ने तथा जनभागीदारी टीचर सुश्री हर्षा कुशवाहा का स्वागत बी.ए. भाग तीन की छात्रा कुदामिनी साहू ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने सुभाषचन्द्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष सुश्री आबेदा बेगम ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को बताया कि सुभाषचन्द्र बोस भारत के राष्ट्रीय आंदोलन के सर्वप्रमुख नायकों में से एक है। बोस एक प्रबल कर्मयोगी थे, वे एक निर्भीक योद्धा थे। भारत के इस वीर पुत्र ने साहस पूर्वक भारतीय स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। सुभाषचन्द्र बोस ने दिल्ली चलो का नारा दिया, 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का नारा भी उनका था। विभागाध्यक्ष ने छात्राओं को एक प्रेरक कविता सुनाई। अतिथि व्याख्याता डॉ.दुर्गा शर्मा ने विद्यार्थियों के लिए सुभाषचन्द्र बोरा के अनमोल विचार 'आशा की कोई न कोई किरण होती है जो हमें कभी जीवन से भटकने नहीं देती' के बारे में बताया। जनभागीदारी टीचर सुश्री हर्षा कुशवाहा ने नेता जी सुभाषचन्द्र बोस के प्रेरक प्रसंग के संबंध में बताया। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष सुश्री आबेदा बेगम और अतिथि व्याख्याता डॉ.दुर्गा शर्मा, जनभागीदारी टीचर सुश्री हर्षा कुशवाहा और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन विभागाध्यक्ष सुश्री आबेदा बेगम ने किया।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये आज से 21 फरवरी तक वार्डो में शिविर

**आज वार्ड नं. 1 व 2 में, 27 जनवरी को वार्ड नं. 3, 8 व 11 में एवं 29 जनवरी को वार्ड 4 में शिविर**

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह दिसम्बर 2023 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 25 जनवरी से 21 फरवरी तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 25 जनवरी को बजरंगपुर वार्ड नं. 1 के लिये साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव में व महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 02 के लिये लोधी भवन में, 27 जनवरी को मोतीपुर वार्ड नं. 3 व रामनगर वार्ड नं. 8 के लिये मोतीपुर स्कूल साामुदायिक भवन में व राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 11 के लिये ओव्हर ब्रिज के नीचे आंगनबाडी में एवं 29 जनवरी को पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी वार्ड नं. 4 के लिये पंचायत भवन नया ढाबा व स्कूल पास मंच पुराना ढाबा में शिविर का आयोजन किया गया है।

निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह नवम्बर 2023 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

# कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सुरगी में फसल अवशेष प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के 38वां स्थापना दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् रायपुर एवं फार्मर्स फर्स्ट परियोजना, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में फसल अवशेष प्रबंधन एवं संसाधन उपयोग क्षमता बढ़ाने हेतु संरक्षित कृषि विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसन्धान केंद्र सुरगी राजनांदगांव में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव सचिन सिंह बघेल ने कृषक को फसल अवशेष प्रबंधन पर रासायनिक उर्वरकों का कम उपयोग कर जैविक खाद का अधिकतम उपयोग कर गुणवत्तापूर्ण कृषि करने पर जोर दिया। साथ ही फसल चक्रण के महत्व पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व उपाध्यक्ष कृषि उपज मंडी कोमल सिंह राजपूत ने फसल अवशेष प्रबंधन की परम्परागत कृषि विधियों को आधुनिक कृषि के परिदृश्य में बढ़ावा देने की बात कही।

अधिष्ठाता पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय डॉ. जया लक्ष्मी गांगुली ने विश्वविद्यालय की स्थापना दिवस की बधाई देते हुए फसलों में अवशेष प्रबंधन एवं फसलों पर जैविक कीट नियंत्रण की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित वैज्ञानिक छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी डॉ. अखिलेश त्रिपाठी ने फसल अवशेष प्रबंधन एवं संसाधन उपयोग क्षमता बढ़ाने हेतु संरक्षित कृषि के लिए कृषक बंधुओं एवं छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। साथ ही कृषि विषयों के शोधार्थियों एवं कृषि वैज्ञानिकों को मौसम पूर्वानुमान से सम्बंधित अन्वेषण की ओर अपनी खोज को करने हेतु प्रेरित किया। सरपंच ग्राम पंचायत सुरगी आनंद साहू ने जैविक खाद के उपयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम समन्वयक एवं परियोजना के प्रभारी प्राध्यापक डॉ. विनम्रता जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। कृषि कर्मचारी संघ द्वारा मुख्य अतिथि के कर कमलों से इस वर्ष के पंचांग का विमोचन किया गया। एक दिवसीय सेमिनार का तकनीकी सत्र प्रारंभ हुआ। जिसमे फसल अवशेष प्रबंधन के विभिन्न विषयों पर व्याख्यान हुए। जिसका कृषकों एवं छात्र-छात्रों ने लाभ लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. आरएन गांगुली, डॉ. ललित रामटेके, डॉ. मनोज चंद्राकर, डॉ. अभय बिसेन, डॉ. पूजा साहू, डॉ. अतुल डांगे, डॉ. डिकेश्वर निषाद, डॉ. रोमिला खेस, डॉ. प्रदीप पटेल, डॉ. उषा यादव एवं समस्त कर्मचारीगण एवं वृहद् संख्या में कृषक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जीवनदान सेवा संस्था के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में श्री रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर एवं राजनांदगांव रियासत के दानवीर राजा महंत दिग्विजय दास वैष्णव के पुण्यतिथि के अवसर पर जीवनदान सेवा संस्था के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के 25 रक्त दानदाताओं ने अपना रक्तदान किया जिसमें एक मुस्लिम महिला ने भी अपना रक्तदान कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया एवं इस पुण्य कार्य में सहभागी बने संस्था के सदस्यों के द्वारा राजा जी के समाधि स्थल शीतला मंदिर परिसर एवं दिग्विजय महाविद्यालय परिसर में स्थित राजा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।

इस अवसर पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र लाल जंघेल, प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण दास वैष्णव, अभय जंघेल, शांतिलाल सांडिल, अमित चौहान, यशवंत भाई, गौतम साहू कमल साहू, लव जैन, हेमंत भानुशाली, कालीचरण यादव, विजय साहू, डोमेश्वर साहू, डाकेश साहु, प्रफुल्ल चंद्राकर, देवसिंग साहू, एवन सोनवानी, युगल किशोर साहू, विनोद निषाद, मुकेश साहू बिलासा ब्लड बैंक के स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# मैथिल क्षत्रिय समाज भवन का लोकार्पण



राजनांदगांव (दावा)। मकर सक्रंति के शुभ अवसर पर दिनांक 14 जनवरी दिन रविवार को मैथिल क्षत्रिय समाज राजनांदगांव चिखली, दिनदयाल नगर, स्थित नवीन सामाजिक भवन का लोकापर्ण सामाजिक स्तर पर भगवान सत्यनारायण की पूजा अर्चना कर किया गया। उक्त भवन पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के अनुशंसा पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा प्रदत्त रू.16 लाख की राशि से निर्मित है, भवन का स्थानीय शासन स्तर पर महापौर श्रीमति हेमा सुदेश देशमुख के द्वारा लोकार्पण किया जा चुका है। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडे अतिथि के रूप में अपना बहुमूल्य समय देकर समाज को आश्वस्त किया जो भी अधूरी मांगे है उसे भाजपायुमो जिला महामंत्री गोलू (कमलेश) सूर्यवंशी के माध्यम से पूर्ण किया जावेगा। इसी क्रम में महापौर श्रीमति हेमा सुदेश देशमुख ने भी अपना बहुमूल्य समय निकाल कर समाज को आश्वस्त किया जो भी समाज की मांगे होगी उसको पूरा किया जावेगा। सांसद संतोष पांडे एवं महापौर श्रीमति हेमा सुदेश देशमुख का पुष्प गुच्छ, शॉल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वार्ड क्र. 45 के पार्षद गगन आईच का भी आगमन हुआ उसका भी पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ-साथ सांसद जी के साथ मंचस्थ भाजयुमो, जिला महामंत्री गोलू (कमलेश ) सूर्यवंशी का भी पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। समाज प्रमुख केन्द्रीय अध्यक्ष मिलन सिंह ठाकुर प्रधान सचिव अजय सिंह चंदेल, राजनांदगांव क्षेत्रीय अध्यक्ष अरूण कुमार सूर्यवंशी, मुरमुंदा क्षेत्रीय अध्यक्ष दामोदार सिंह, संडी सलोनी क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह गौतम, गुरूर बालोद क्षेत्रीय अध्यक्ष यादेश्वर सिंह क्षत्रिय, कोंडागांव केशकाल क्षेत्रीय अध्यक्ष, तोरण वर्मा सहित समस्त वरिष्ठजनों का पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। समाज प्रमुख केन्द्रीय अध्यक्ष मिलन सिंह ठाकुर द्वारा महिला संगठन को भी सामूहिक रूप से पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला संगठन सदस्य उपाध्यक्ष श्रीमति हेमा सेंगर, सचिव श्रीमति पूनम ठाकुर, सावित्री कौमार्य, नंदिनी सेगर, पूजा तोमर, अंजली नागवंशी, सोनी देवराज, मनीषा तोमर, निशा तोमर, पिंकी ठाकुर, श्रीमति रेणु सूर्यवंशी, महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा दक्षिण मंडल सहित महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# 26 को एक साथ रिलीज होगी छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'दुल्हा राजा'

**राजनांदगांव (दावा)। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के दिन पूरे प्रदेश भर के 30 सिनेमा घरों में पारिवारिक विषय पर बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म 'दूल्हा राजा' धूमधाम के साथ रिलीज होने जा रही हैं। उक्त छत्तीसगढ़ी फिल्म का प्रदेश के 30 सिनेमाघरो के अलावा चेन्नई महाराष्ट्र, एमपी में एक साथ प्रदर्शन होने जा रहा है।**



**0 पारिवारिक कहानी पर बनी मनोरंजन फिल्म दूल्हा राजा म जोजवा खलनायक मनमोहन सिंह नजर आएंगे**
**0 फिल्म के ट्रेलर व गांनों की दर्शकों में बनी खांसी मांग**

छत्तीसगढ़ी फिल्म दूल्हा राजा से जुड़े कलाकार व निर्माता निर्देशक ने प्रेस क्लब में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि छत्तीसगढ़ में सिनेमा व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठित संस्थान अरण्य सिनेमा के बैनर तले 'दूल्हा राजा' नामक छत्तीसगढ़ी फिल्म बनाया गया है। फिल्म के लेखक, निर्देशक निर्माता, अभिनेता राज वर्मा है। इस फिल्म में राजनांदगांव के निवासी रहे छालीवुड खलनायक मनमोहन सिंह बाली सिंग के रूप में नजर आ रहे हैं। बता दें कि मनमोहन सिंह ठाकुर फिल्म छंइया भूंइया में जोजवा खलनायक के रूप में ज्यादा चर्चित हुए थे। 26 जनवरी को राजनांदगांव सहित प्रदेश के 30 सिनेमाघरों एवं मल्टीप्लेस के साथ दूसरे प्रदेशों चेन्नई, महाराष्ट्र एमपी में भी प्रदर्शित की जा रही इस फिल्म के गाने किसी मधुर बन पडे है जिसे एस आर के म्यूजिक छत्तीसगढ़ में रिलीज की गयी है। प्रेस वार्ता में बताया गया कि फिल्म दूल्हा राजा के ट्रेलर एवं गानों को दर्शक भरपूर प्यार दे रहे जिससे लाखों में व्यूवस मिल रहे है। इस फिल्म के स्टार कास्ट में राज वर्मा, काजल सोनबेर, मनमोहन सिंह ठाकुर, अंशु दास मानिकपुरी, संजय महानंद, हेमलाल कौशल, शैलेन्द्र भट्ट, प्रदीप शर्मा, उपासना वैष्णव, अनुराधा दुबे, क्रांति दीक्षित, सोहैल खान, मनीषा वर्मा, दिव्या नागदेवे, राखी सिंग, राकेश यादव, अनुपम वर्मा, प्रकाश साहू, राजू शर्मा शामिल हैं। फिल्म की कथा, पटकथा, संवाद राज वर्मा ने लिखा है। संगीत सुनील सोनी का है गीतकार सूर्यकांत तिवारी, दिलीप पटेल, चंद्रप्रकाश भारद्वाज ने लिखा है गाना सुनील सोनी, अनुराग शर्मा, हिरेश सिन्हा, चंपा निषाद, अनुपमा मिश्रा, कंचन जोशी ने गाया है, गानों की रिकॉर्डिंग मिलन स्टूडियो कटक में हुई है। राज वर्मा के निर्देशन में सजी इस फिल्म में ने कैमरा तोरण राजपूत ने चलाया है, वहीं गानों की कोरिओग्राफी चन्दन दीप, राकेश यादव, नंदू तांडी और संजू तांडी ने किया है, एक्शन तंबी का है, एसोसिएट डायरेक्टर संतोष नारायण गुप्ता है। प्रोडक्शन मैनेजर धनराज साहू है, फिल्म के एडिटर राधे निर्वान हैं, फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम श्रेष्ठ स्टूडियों रायपुर में नीरज वर्मा के द्वारा किया गया है। फिल्म की हिरोइन काजल सोनबोईर ने बताया कि बड़े बाप की बेटी बनी नायिका को अपने बाप के पैसो का घमंड है। जिससे उसका रोल थोड़ा हटकर है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में आठ अलग-अलग विधा के खूबसूरत गाने हैं, जिसमे कर्मा, बिदाई, गोद भराई, मेहंदी, जस गीत, रैप सांग के साथ राज गीत जैसी पारम्परिक छत्तीसगढ़ महतारी जैसा गाना भी है।

फिल्म की कहानी पूरी तरह से पारिवारिक है, बताया गया कि छत्तीसगढ़ में लगातार लव स्टोरी पर फ़िल्में बन रही है पर इस फिल्म से बहुत समय पश्चात छत्तीसगढ़ की जनता को एक कॉमेडी से भरपूर सामाजिक परिवेश की फिल्म देखने को मिलेगी साथ ही फिल्म में दहेज़ कुप्रथा के खिलाफ एक सकारात्मक सन्देश भी दिया गया है। ऐसा पहली बार है जब फिल्म में एक साथ छत्तीसगढ़ी सिनेमा के बड़े-बड़े कलाकारों ने काम किया है। कलाकारों ने उम्मीद जताया कि दर्जनों फिल्मों को रिलीज़ करने अनुभव रखने वाले लकी रंगशाही के मार्केटिंग में फिल्म दूल्हा राजा सूपर-डूपर हीट होगी।

# ममता नगर कराते स्कूल के खिलाड़ियों ने जीता मेडल



राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 20 एवं 21 जनवरी को राजनांदगांव एकादमी ऑफ मार्शल आर्ट द्वारा राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता वेसलियन स्कूल हाल में आयोजित किया गया था। जिसमें राजनांदगांव कराटे अकादमी कराटे स्कूल ममता नगर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपने-अपने ग्रुप में शौर्य भिमटे-काता में गोल्ड फाइट में गोल्ड, आदित्य राज देवांगन-फाइट में गोल्ड काता में ब्रांउस मेडल, मान्या पाण्डेय फाइट में सिल्वर, अर्पण नाथ फाइट में ब्राउंस मेडल, आकृति वैष्णव फाइट में ब्राउंस मेडल, लव्यांश लहरी फाइट में ब्राउंस मेडल तथा पलक नेमा, हिमानी सिन्हा, हंसिका वैष्णव ने भी अच्छा प्रदर्शन किया और मेडल प्राप्त किये, जिसके लिए कार्यक्रम में उपस्थित छत्तीसगढ़ कराटे डू एसोसिएशन के अध्यक्ष शिहान, विजय तिवारी, सचिव अमल तालुकदार, कार्यवाहक अध्यक्ष रेन्सी ब्रम्हिया नायडू तथा राजनांदगांव जिला कराटे संघ के अध्यक्ष नीलू शर्मा, उपाध्यक्ष सेन्सेई कमल पूजन, सचिव शिहान, मुरली भारद्वाज जो कि कार्यक्रम के मुख्य आयोजक रहे ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद व बधाई दी।

# नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में मंत्री अरुण साव ने दिखाए तेवर, कहा- ठेकेदार सचेत हो जाएं, गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता

रायपुर। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक में साफ कर दिया कि ठेकेदार को काम सौंपकर भूल न जाए। ठेकेदार सचेत हो जाएं कि गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। काम में देरी और लापरवाही करने वाले ठेकेदारों पर जुर्माना लगाने और नियमानुसार ब्लैकलिस्टेड करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रदेश के सभी नगर पालिकाओं तथा बस्तर, सरगुजा और बिलासपुर संभाग के नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की। नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अभियंता को अपने-अपने निकायों में विकास और सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और अभियंताओं को अपने मुख्यालय में ही निवास करने को कहा।



### पीठ भी थपथपाई

मंत्री साव ने प्रधानमंत्री आवास योजना में अच्छे कार्य के लिए गोबरा-नवापारा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार विश्वकर्मा की पीठ थपथपाई और अन्य नगरीय निकायों को उनका अनुसरण करने को कहा। वहां योजना के तहत स्वीकृत 1,435 आवासों में से 1,270 आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है जो कि स्वीकृत आवासों का 89 प्रतिशत है। उप मुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों में भविष्य की जरूरतों और लोगों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के लिए काम करने के साथ ही उद्यानों और तालाबों के सौंदर्यीकरण के साथ ही इन्हें आमोद-प्रमोद स्थल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

### बैठक में यह दिशा-निर्देश भी

प्रधानमंत्री आवास के कार्यों में तेजी लाएं। सीएमओ सप्ताह में तीन दिन टीम के साथ वार्डों का दौरा कर निर्माण और सफाई कार्यों का निरीक्षण करेंगे। नालियों और सड़कों की साफ-सफाई की पुख्ता मानिटरिंग। विकास कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता पर लगातार निगरानी रखें।

### 15वें वित्त आयोग की राशि की जानकारी ली

बैठक के दौरान नगरीय निकायों में आय-व्यय की स्थिति, कर संग्रहण की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, साफ-सफाई की व्यवस्था और वेतन भुगतान की स्थिति की समीक्षा कर निर्देश दिए गए,वहीं राज्य एवं केंद्र प्रवर्तित तथा 15वें वित्त आयोग की राशि से निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डा. बसवराजू एस., संचालक कुंदन कुमार, सूडा के सीईओ सौमिल रंजन चौबे, नगरीय प्रशासन विभाग के मुख्य अभियंता और सभी संभागों के संयुक्त संचालक भी मौजूद थे।

# सत्यम परिवार ने हर्षोल्लास के साथ मनाया रामलला का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव





राजनांदगांव (दावा)। नगर के गंज चौक स्थित 'सत्यम विहार, सत्यम निकेतन व सत्यम प्रांगण' आवासीय परिसरों के रहवासियों द्वारा आयोध्या स्थित श्री रामलला जन्मभूमि में भगवान श्री राम जी के भव्य मंदिर निर्माण होने के पश्चात् प्रभु श्री राम जी प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर विगत कुछ दिनों से विभिन्न आयोजन किये जा रहे है, प्रतिदिन प्रातः ढोल बाजे के साथ रामधुन गाते हुए प्रभात फेरी समस्त कॉलोनी में घुमने के पश्चात् 'सत्यम विहार' स्थित मंदिर में भजन, पूजन पश्चात् प्रसाद वितरण किये गये।

समस्त सनातनियों के लिये ऐतीहासिक शुभ दिवस 22 जनवरी 2024 को विशेष हर्षोल्लास से मनाने हेतु सत्यम परिवार के वरिष्ठजनों द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर जिम्मेदारी सौंपी गयी जिसके अनुसार कॉलोनी स्थित मंदिर में प्रातः हवन पूजन भजन करने के पश्चात् सत्यम विहार क्लब हाउस 'ए' के हॉल में प्रोजेक्टर द्वारा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का सीधा प्रसारण समस्त सत्यम परिवार के सदस्यों ने एक साथ देखने का आनंद प्राप्त कर दोपहर महाप्रसादी भोजन ग्रहण किया।

इस शुभ दिवस को यादगार बनाने हेतु संध्याकाल कॉलोनी के समस्त घरों में झालर लाईट सहित रंगोली कर दीयों से सजाया गया। मंदिर प्रांगण में विशेष रूप से दीपमालाओं द्वारा श्रीराम का नाम स्वस्तिक व श्री धनुष की आकृति बनायी गई। संध्याकालीन आरती पश्चात भव्य आतिशबाजी का आनंद कॉलोनीवासी सभी परिवारों ने लिया। सत्यम परिवार द्वारा रामलला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को आनंद पूर्वक आयोजित करने के लिए परिवार के वरिष्ठजनों नंदकिशोर अग्रवाल, दामोदरदास मुदंड़ा, सत्यम विहार सोसायटी के अध्यक्ष कचरू प्रसाद शर्मा के मार्गदर्शन में राजेन्द्र कोटड़िया (गोमा), संतोष विक्की झांझरी, संतोष ओस्तवाल के सहयोग से आशीष अग्रवाल, राहुल ओस्तवाल, पवन बोहरा, हिमांशु रायचा, अमित अग्रवाल (ईक्की), प्रतीक खण्डेलवाल, सर्वेश गुप्ता, प्रणय बोहरा, आनंद शर्मा, अजय बैद, संजय बैद, शरद जैन आदि सदस्यों द्वारा इस आयोजन की महती जिम्मेदारी उत्साहपूर्वक लेते हुए सत्यम परिवार सोसायटी के इस प्रथम आयोजन को राममय भक्ति आनंद से अविस्मरणीय बना दिया। इसकी जानकारी सत्यम परिवार के सदस्य विनय पोपट द्वारा दी गयी।

# आराधना महिला मंडल ने गरीब दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराए जयपुर पैर



लगभग दो दर्जन दिव्यांग लोग हुए लाभान्वित

राजनांदगांव (दावा)। शहर की सेवाभावी महिलाओं की संस्था आराधना महिला मंडल द्वारा जिले के ग्राम भानपुरी व सोमनी आदि सहित अलग-अलग जगहों के दिव्यागों को निःशुल्क जयपुर पैर उपलब्ध कराया गया। दिव्यांगजनों को जयपुर पैर मिलने से उन्हें चलने-फिरने में आसानी हो गई है। आराधना महिला मंडल की अलका जानी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विनय मित्र मंडल रायपुर के तत्वावधान में आराधना महिला मंडल द्वारा लगभग 24 लोगों को जयपुर पैर वितरण किया गया।

इसमें प्रमुख रूप से हाथ-पैर खो चुके सोमनी के सत्यनारायण साहू (25 वर्ष) व भानपुरी के 62 वर्षीय निर्मलकर का नाम शामिल है इसके अलावा ग्राम सांकरा के भी दिव्यांगजन को जयपुर पैर उपलब्ध कराया गया। रायपुर में आयोजित किए गए उक्त कार्यक्रम के दौरान विनय मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष खेमराज बैद, दीपचंद कोटडिया, राजेश कानूगो व जयपुर पैर निर्माण के कारीगर अब्दुल वहीद आदि उपस्थित थे। वहीं आराधना महिला मंडल की अध्यक्ष उमा रूंगटा, कोषाध्यक्ष अलका जानी, सचिव प्रभा बरड़िया, रेखा लाल, लता अग्रवाल, छाया खंडेलवाल, शारदा खंडेलवाल, भगवती खंडेलवाल, राधा तिवारी, पुष्पा अग्रवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अलका जानी ने किया। आराधना महिला मंडल के द्वारा दिव्यांगजनों को निःशुल्क जयपुर पैर मिलने से उनमें खुशी देखी गई।

# बच्चों के मधुमेह पर कार्यशाला 28 को, पदमश्री डॉ. बाफना होंगे मुख्य अतिथि



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ जूविनाइल डायबिटीज पैरेंट्स एसोसिएशन द्वारा 28 जनवरी को होटल आदित्य रायपुर में प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक बच्चों के डायबिटीज पर बच्चों तथा उनके पालकों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में देश के प्रसिद्ध एंडोक्राइन विशेषज्ञ भाग लेंगे तथा बच्चों और उनके पालकों को बाल मधुमेह यानी टाइप 1 जुविनाइल डायबिटीज पर प्रशिक्षण तथा एवं उपचार के विषय में बताया जाएगा। बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। उपरोक्त सूचना रायपुर के एंडॉक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. तरुण मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि देश में मोटापा एवं बाल मधुमेह की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए यह आयोजन बहुत महत्वपूर्ण है जो प्रदेश में पहली बार रायपुर में आयोजित हो रहा है। डॉ बाफना ने अपील की है कि सभी बाल मधुमेही बच्चे एवं उनके पालक इस शिविर में अवश्य भाग लें।







# नगर का पांच लाख दीपोत्सव यू एस ए वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

## संस्कारधानी धर्म सेवा परिवार ने दिया शहरवासियों को श्रेय व आभार

राजनांदगाँव (दावा)। आयोध्या में भागवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संस्कारधानी धर्म सेवा परिवार द्वारा तीन दिवसीय दीपोत्सव का भव्य आयोजन समस्त नगरवासियों के सहयोग से रखागया जिसमें शहर छोटा होते हुए भी दुगना बड़ा भव्य दीप महोत्सव के आयोजन, जिसमें हर वर्ग का चाहे व महिला, पुरूष, युवा या बच्चे सभी का जुड़ाव हजारों की संख्या में था, जिसे यू.एस.ए वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज किया गया है। दीप महोत्सव में पचहत्तर हजार दिए बनाने वाली महिला श्रीमती रेणुका हल्बा का आयोजन परिवार उपस्थित अतिथियों ने सम्मान किया।

उक्त जानकारी व संस्कारधानी वासियों को बधाई देते हुए संस्कारधानी धर्म सेवा परिवार के संयोजक सुरेश एच.लाल सहसंयोजक रामजी भारती सेवा प्रमुख राकेश ठाकुर, उप सेवा प्रमुख पंकज गुप्ता ने इसका श्रेय नगरवासियों को देकर उनको आभार प्रकट किया है। क्योंकि इस आयोजन में नागारिकों ने बढ़-चढकर सहभागिता दी। आयोजन सेवा परिवार शनिधाम मंदिर परिवार रानी सागर, बागेश्वर धाम मंदिर परिवार में इस हेतु नगर की धार्मिक, सामाजिक,सेवा संस्थाओ में सनातन धर्म महासभा संतोष पटाक, बालरत्न गौ सेवा संघ सौरभ खंडेलवाल, पूर्व सैनिक संघ राजेश शर्मा, जीवनदास सेवा संस्था महेन्द्र जंघेल, कस्तूरबा महिला मंडल, श्रीमती शारदा तिवारी, विश्व ब्राह्मण महिला मंडल, मौसमी शर्मा(उप सेवा प्रमुख), बालाजी हनुमान मंदिर, बाल समाज नंदू भूतड़ा, प्रेस क्लब सचिन अग्रहरि जितेंद्र मिश्रा, जितेंद्र सिंह, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, किशोर सिह्लेदार ,सुश्री नेहा गुप्ता,महाकाल सेना पवन डागा, चेम्बर ऑफ कामर्स, शरद अग्रवाल शिवनाथ तट क्षेत्रिय समिति डी.सी. जैन, हनुमान जयंती आयोजन समिति पेटी ग्रुप झम्मन देवांगन, सत्यनारायण मंदिर समिति, अशोक लोहिया, जीण माता महिला मंडल, अनुराधा लोहिया सहित अग्रवाल समाज व महिला मंडल, सिन्हा कलार समाज, खंडेलवाल समाज, कसौधन वैश्य समाज, साहू समाज, अग्रहरि वैश्य समाज, वर्मा लोधी समाज, राजपूत समाज,(रहटादाह), यादव समाज, देवांगन समाज, सरयूपाली ब्राह्माण समाज, कायस्थ समाज, श्री मारवाड़ी ब्राह्मण महिला मंडल, अग्रवाल महिला मंडल व समस्त समाजों की महिला मंडल, अधिवक्ता संघ,, कान्याकुब्ज समाज, चौरसिया समाज सहित सहभागी सेवा व श्रम सहयोग दिए गए समस्त नागरिकगणो, जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन, लोकनिर्माण विभाग, नगर निगम, ट्रेफिक पुलिस, विधुत विभाग का सेवा, परिवार के राकेश ठाकुर, पंकज गुप्ता, संस्कार राजपूत, राजेश शर्मा, संतोष पटाक (उपप्रमुख), जयनारायण सिंह, सूरज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, खेलेंद्र साहू,हरिश भानुशाली, अमलेन्दू हाजरा, मनीष यादव, आदि ने आभार प्रकट किया है।




# विधायक टी. राजा ने किया मां बम्लेश्वरी देवी दर्शन, विहिप के अध्यक्ष अभिषेक व युवा नेता नवीन ने किया भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। सनातन के ध्वज वाहक, हिन्दू हृदय सम्राट गोशामहल हैदराबाद विधायक भाई टी. राजा सिंह ने परिवार धर्मनगरी डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी देवी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। हिन्दू राष्ट्र के किये उद्बोधन देते हुए हर हिन्दू को अपने परिवार की स्वयं सुरक्षा रक्षा करना का संकल्प दिलाया। साथ ही भारत जल्द ही अखंड हिन्दू राष्ट्र बनाएगा, यह भरोसा दिया।

राजा सिंह के स्वागत के लिए कुछ ही घंटों में सैकड़ों युवा एकत्र होकर बाइक रैली से स्वागत सत्कार किया। राजा भाई ने युवाओं को संगठित रहने की बात कही। तत्पश्चात भोजन कर नवीन अग्रवाल के घर जलपान ग्रहण कर परिवारजनों से भेंटकर भिलाई कार्यक्रम हेतु प्रस्थान किया। आज विधायक टी. राजा डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी के दरबार दर्शन को जाते हुए अचानक राजनांदगांव में रूके। विश्व हिंदू परिषद ने बड़े ही धूमधाम से रायपुर नाका स्थित राम दरबार से उन्हें लेकर विशाल बाइक यात्रा करते हुए महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर विहिप जिला कार्यालय लाये। फटाके फोड़कर, राम नाम के जय जयकारो से टी. राजा का स्वागत किया गया। जिले के रामभक्तों में एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। विधायक ने दक्षिणमुखी हनुमान जी के दर्शन किए। विहिप-बजरंग दल के पधाधिकारियों ने पुष्प-गुच्छ एवं भगवा पटका पहना सम्मान किया, उनके हिंदुत्व शंखनाद, धर्म संगत कार्यशेली के लिए सराहना साधुवाद किया। इस अवसर पर सैकड़ों बजरंगी राम भक्त उपस्थित रहे। उक्त जानकारी बजरंगदल जिला संयोजक सुनील सेन ने दी।

# जिला साहू संघ का प्रतिनिधि प्रणाली से हुए चुनाव को पंजीयक ने गलत ठहराया




## 45 दिनों के भीतर प्रत्यक्ष प्रणाली से पुनः निर्वाचन कराने का निर्देश

राजनांदगांव(दावा)। जिला साहू संघ के द्वारा विगत दिनों प्रतिनिधि (डेलिगेट) प्रणाली से कराए गए चुनाव को गलत ठहराते हुए साहू संघ को 45 दिन के भीतर प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने के लिए निर्देश दिया है।

इस संबंध में जिला साहू संघ न्याय प्रकोष्ठ के पूर्व सचिव व सह- सचिव नरेश गंजीर तथा पूर्व युवा प्रकोष्ठ के कन्हैया साहू द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि जिला साहू संघ राजनांदगांव पंजीयन क्र. 6408 के लगभग 1 वर्ष पूर्व डेलीगेट पद्धति से मात्र तीन पदों पर हुए निर्वाचन को जिला न्याय प्रकोष्ठ के सचिव व अधिवक्ता मनमोहन साहू ने समाज के पंजीकृत संविधान का उल्लंघन करने की शिकायत करते हुए निर्वाचन को शून्य घोषित करने की मांग जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला साहू संघ को किया गया था। जिस पर दोनों ही द्वारा किसी प्रकार कार्यवाही नहीं होने पर व्यथित होकर उच्च सदन, सहायक रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं, दुर्ग संभाग, दुर्ग में शिकायत दर्ज कराई गई। लगभग एक वर्ष से ज्यादा समय के बाद 15 जनवरी 2024 को एक आदेश जारी कर जिला साहू संघ राजनांदगांव के 6 अक्टूबर 22 व 9 अक्टूबर 2022 को दो चरणों में हुए निर्वाचन प्रकिया को जिला साहू संघ राजनांदगांव पंजीयन के 6408 के पंजीकृत संविधान का उल्लंघन पाया गया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि जिला साहू संघ राजनांदगांव पं.क्र. 6408 व छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ पंजीयन क्र. 33/61 दोनो स्वतंत्र रूप से पंजीकृत सामाजिक संस्था है। दोनों संस्था के अपने-अपने पंजीकृत विधान है। पंजीकृत संस्था होने के कारण अपने अपने विधान का पालन करना अनिवार्य है। चूंकि सामाजिक समरता हेतु जिला साहू संघ राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ से संबद्ध है, संबद्धता का आशय अपने-अपने विधान का पालन करते हुए सामाजिक समरसता प्रदर्शित करना होता है किन्तु विवाद की स्थिति तब निर्मित हुई जब जिला साहू संघ का निर्वाचन अक्टूबर 2022 में होना था, इसके पूर्व समाज के कुछ विरोधियों जिनमें पूर्व पदाधिकारी व समाज के सरंक्षकगण भी शामिल थे द्वारा प्रदेश साहू संघ से मिलकर वर्तमान जिला साहू संघ को चुनाव प्रणाली पर अनैतिक दबाव डालकर सामाजिक नियमावली के विपरीत चुनाव कराये गये। जिला साहू संघ के नियमावली के अनुसार पूर्व कार्यकालों की तरह प्रत्यक्ष प्रणाली से जिसमें सभी आजीवन सदस्यों, जिला पदाधिकारियों व मण्डल व तहसील के सभी पदाधिकारीयों के साथ लगभग 3500 सौ मतदाताओं के द्वारा निर्वाचन होना था किन्तु प्रदेश साहू संघ ने दबाव में मात्र 32 मतदाताओं से निर्वाचन दो चरणों में प्रथम चरण में प्रतिनिधी डेलीगेट्स का चुनाव 6 अक्टूबर 22 को और दूसरा चरण में अध्यक्ष व दो उपाध्यक्ष पदों हेतु चुनाव 9 अक्टूबर को कराया गया। जबकि जिला साहू संघ 6408 का चुनाव में कुल 08 पदों में चुनाव कराए जाना था।

अधिवक्ता श्री साहू का कहना है कि चूंकि प्रदेश साहू संघ उच्च सदन होकर भी स्वयं नियमों का पालन न करते हुए आम मतदातों के चुनाव के मौलिक अधिकार का हनन किया गया है। जो कि उचित नहीं है और समाज के बायलाज के विपरित है। अतः चुनाव पंजीयक द्वारा इसे गलत ठहराते हुए जिला साहू संघ को 45 दिनों के भीतर प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने के लिए निर्देशित किया है।

## चुनाव पर आरोप मनगढ़त एवं भ्रामक - भागवत साहू



राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने अपने एक जारी बयान में कहा कि जिला साहू संघ राजनांदगांव का चुनाव दो चरणों में किया गया है। छ.ग. प्रदेश साहू संघ रायपुर के मार्गदर्शन में किया गया है। छ.ग. प्रदेश साहू संघ रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाऐं छत्तीसगढ़ नया रायपुर से पंजीकृत संस्था है छग प्रदेश साहू संघ रायपुर का संशोधित नियमावली छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिला जो छत्तीसगढ़ के अधीन है उसके लिए लागू होगा। छ.ग. प्रदेश साह संघ के अधीन सभी जिला संघ का चुनाव कार्यालय रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ इन्द्रावती भवन ब्लॉक एक, तृतीय तल, नया रायपुर का पत्र क्रमांक/ संशोधित-332/प.क्र.-33/13.06.1961/1107/17 नया रायपुर दिनांक 17.08.2017 संशोधित नियमावली पंजीयन क्रमांक 33/61 के क्रमांक 11 प्रबंध कार्यकारिणी का गठन तथा निर्वाचित एवं मताधिकार उपक्रमांक 1,2 एवं 6 के तहत किया गया है।

श्री साहू ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर संशोधित नियमावली क्रमांक 11 प्रबंध कार्यकारिणी का गठन तथा निर्वाचन एवं मताधिकार के उप क्रमांक 1,2 व 6 निम्नलिखित हैः- 1. किसी भी संस्था का चुनाव दो चरणों में सम्पन्न होगा। प्रथम चरण में उस संस्था के आजीवन/संरक्षक सदस्यों में डेलीगेट का चुनाव होगा। द्वितीय चरण में उस संस्था के निर्वाचित डेलीगेट तथा निचले सदन से आये हुए निर्वाचित सदस्य उस संस्था के निर्वाचन में मतदाता होंगे। जो उस संस्था के निर्वाचन को संपादित करेंगे। 2. प्रथम चरण के चुनाव में उस संस्था के आजीवन/संरक्षक सदस्यों में डेलीगेट का निर्वाचन इस प्रकार संपन्न होगा। प्रदेश साहू संघ के आजीवन/संरक्षक सदस्य 150 (एक सौ पच्चास) एक डेलीगेट निर्वाचित होगा। तहसील साहू संघ आजीवन/संरक्षक संख्या 100 (एक सौ) में एक डेलीगेट निर्वाचित होगा। परिक्षेत्रीय साहू संघ के आजीवन/संरक्षक संख्या 50 (पच्चास) में एक डेलीगेट निर्वाचित होगा। 6. जिला साहू संघ का गठन - (अ) प्रत्येक तहसील साहू संघ से निर्वाचित अध्यक्ष एव दो उपाध्यक्ष (महिला एवं पुरूष) ही जिला साहू संघ के चुनाव में मतदाता होंगे एवं आजीवन/संरक्षक सदस्य से निर्वाचित डेलीगेट मतदाता सूची में शामिल होंगे। (ब) पदाधिकारियों का चुनाव - जिला साहू संघ में एक अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष (महिला एवं पुरूष) का निर्वाचन होगा। (स) निर्वाचन में भागीदारी - जिसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो उस संस्था को आजीवन/संरक्षक सदस्य को ही वह ही उस संस्था के चुनाव में उम्मीदवार बन सकते है। (द) कार्यकारिणी का गठन :- निर्वाचित अध्यक्ष द्वारा अपनी कार्यकारिणी के लिए महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष, दो संगठन सचिव (एक महिला एवं एक पुरूष) एवं दो अंकेक्षक का मनोनयन करेंगे। तथा न्याय प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, व्यापारी प्रकोष्ठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ आदि अन्य प्रकोष्ठों का मनोनयन करेंगे जो उनके कार्यकारिणी के सदस्य होगे। सभी तहसील अध्यक्षगण कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। जिला साहू संघ राजनांदगांव का निर्वाचन दिनांक 06/10/2022 व 9/10/2022 को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया व सत्य व नियमानुसार है।

मनमोहन साहू द्वारा दिया गया कथन असत्य, निराधार व भ्रामक है। मनमोहन साहू यदि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के संशोधित नियमावली का अवलोकन करते तो वह जिला साहू संघ निर्वाचन को नियम के विपरित हुआ है नहीं कह सकता। संस्था के गत चुनाव 2019 में अध्यक्ष 01 पद, उपाध्यक्ष 02 पद (एक महिला एक पुरूष), संगठन सचिव 01 पद, उपकोषाध्यक्ष 01 पद, सहसचिव 02 पद (एक महिला एक पुरूष) कुल 07 पदों का निर्वाचन हुए थे वह भी उस पर मनमोहन साहू जी द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं किया गया। क्योंकि 2019 के चुनाव में उसके सगे भाई कमल किशोर साहू अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। 2022 के चुनाव में मनमोहन साहू के बड़े कमलकिशोर साहू चुनाव हार जाने के कारण वह हार को सहन नहीं कर सकने के कारण 2022 के निर्वाचन पर मनगढ़त असत्य एवं भ्रामक आरोप लगा रहे है।

छत्तीसगढ़ के समस्त जिला साहू संघ का चुनाव छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के बनाये गये नियमावली के नियम 11 प्रबंध कार्यकारिणी का गठन तथा निर्वाचन मताधिकार के द्वारा सम्पन्न किया गया है। अतः छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के मार्गदर्शन में जिला साहू संघ राजनांदगांव का निर्वाचन वैद्य एवं सत्य है। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर पंजीयन क्रमांक 33/61 का संशोधित नियमावली का पालन छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के समस्त जिला साहू संघ द्वारा किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के नियमावली का पालन करते हुए जिला साहू संघ राजनांदगांव के तत्कालीन अध्यक्ष कमलकिशोर साहू द्वारा जिला साहू संघ राजनांदगांव का नियमावली का प्रकाशन किया गया है। जिला साहू संघ राजनांदगांव के तत्कालीन अध्यक्ष कमलकिशोर साहू के द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ से संबद्ध प्रकाशित नियमावली के तहत जिला साहू संघ राजनांदगांव का प्रबंध कार्यकारिणी का गठन तथा निर्वाचन तथा मताधिकार छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वार गठित चुनाव अधिकारी द्वारा सम्पन्न कराया गया है। अतः दिनांक 06/10/2022 व 9/10/2022 को सम्पन्न कराया गया निर्वाचन वैध एवं नियमानुसार है। जिसका पालन जिला साहू संघ द्वारा किया जा रहा है। और छत्तीसगढ़ प्रदेश में हो रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com